पीएम ने कहा- सभी जी20 देशों और विश्व के लिए भगोड़े और घोटालेबाज चिंता का विषय हैं। उन्होंने 2014 के जी-20 समिट में इस बारे में बात की थी। सभी देशों की एजेंसियां तालमेल से काम कर रही हैं। इससे अपराधियों को देशों की सीमा पार करते समय कानूनी खामियों का फायदा उठाने से रोकेगी।

**4. भ्रष्टाचार का असर गरीबों और पिछड़ों पर पड़ता है**

पीएम ने कहा- भ्रष्टाचार का असर गरीबों और पिछड़ों पर सबसे ज्यादा पड़ता है। बाजार और सर्विस डिलीवरी पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। यह लोगों की जीवनशैली की गुणवत्ता को खत्म कर देती है। पीएम ने यह भी कहा- सरकार का काम राज्य के संसाधनों को बढ़ाना, राज्य के लोगों का कल्याण करना है। यह लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भ्रष्टाचार से छुटकारा पाना जरूरी है।

**बैठक में शामिल होंगे ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री**

दिल्ली में 9-10 सितंबर को जी-20 लीडर्स समिट में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज शामिल होंगे। उन्होंने कहा- ऑस्ट्रेलिया ने विकास, समृद्धि, स्थिरता, संप्रभुता, शांति और सम्मान के लिए इंडो-पैसिफिक में निवेश किया है।



# एकलव्य दर्पण पुस्तक लोकार्पण एवं सम्मान समारोह आयोजन





**अलवर (मृदुल पत्रिका)।** एकलव्य दर्पण पुस्तक (काव्य संग्रह) लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार सुबह 10:30 बजे क्लब हाउस, महागुन माइवुड्स, ग्रेटर नोएडा वेस्ट (नोएडा एक्सटेंशन) में काव्य कॉर्नर फाउंडेशन (एन. जी. ओ.), इसकी संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉक्टर पूजा सिंह गंगानिया द्वारा किया जाएगा।

अलवर से एकलव्य दर्पण पुस्तक के सह लेखक डॉ. विपुल कुमार भवालिया एवं सह लेखिका कविता डूमोलिया भी इस भव्य समारोह में भाग लेंगे एवं इस कार्यक्रम में ये दोनों सम्मानित भी होंगे।

## अलवर ग्रामीण में भाजपा नेत्री रिंकी वर्मा ने चौपाल सभा कर हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया



**अलवर (मृदुल पत्रिका)।** अलवर ग्रामीण की हर समस्याओ को जाना और जनता के लिये काम करूँगी और इस बार जनता को साथ रहूँगी इस मोके पर बूथ नरेंद्र अधक्ष्य मनोज कुमार । मुकेश कुमार जाटव पूरण यादव अप्पू यादव मदन यादव जी मधु यादव जिला उपध्क्ष्य महिला मोर्चा ओमप्रकाश यादव लक्ष्मी नारायण बाबूलाल ।

शंभु राम पद्म चंद जाटव रतन लाल ननुराम जाटव रामजीलाल सुन्दर हरिया सैंकडो लोग मौजूद रहे।

## जम्मू कश्मीर में शहीद हुए शाहपुरा के वीर सपूत बाबूलाल हरितवाल को दी श्रद्धांजलि



**शाहपुरा (मृदुल पत्रिका)।** कस्बे के श्री नारायण दास पार्क से जय श्री राम सेवा समिती के तत्वावधान में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के सहयोग से विशाल तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली का शुभारंभ नगरपालिका चैयरमैन बंशीधर सैनी, समिती अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद शर्मा, पुलिस उपनिरीक्षक देशराज सिंह सहायक निरीक्षक राजकुमार यादव ने किया। पुलवामा हमले मे शहीद हुए रोहिताश लांबा के भाई जितेंद्र लांबा व सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के सिपाही शहीद मुकेश कुमार बुनकर की वीरांगना बीना देवी, पिताजी रामसहाय बुनकर, पुत्र बृजेश जेवरिया का शाँल ओढाकर माला पहनाकर सम्मान किया गया।जम्मू कश्मीर में विगत दिनो ही शहीद हुए शाहपुरा के वीर सपूत बाबूलाल हरितवाल के लिए दो मिनट का मौन रख पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस मौके पर समिति अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद शर्मा व रमेश कुमावत ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव व वीर शहीदों की याद में कस्बे मे हर वर्ष की भांति इस बार भी हजारो की सख्या में बच्चों के हाथ मे ध्वज पताकाओं लहराते हुए तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली श्री नारायण दास पार्क से एक किलोमीटर लंबी पीपली तिराहे हुए खातैडी से चौपड होते हुए वापस पार्क मे राष्ट्रगान के साथ समापन किया गया।रैली में ट्राफिक की व्यवस्था पुलिस ने बेहतरीन संभाली।

इस मौके पर नगरपालिका उपाध्यक्ष राजेंद्र सारण, बनवारी लाल गंगावत, तरुण टाँक, ललित किशोर शर्मा, पुष्कर राज शर्मा, पार्षद मितलेश मंगल, नवल टेलर, धोलू सैनी, लोकेश सामोता, महेश टेलर, सीएम सामौता, इंद्राज मारवाल, राधेश्याम, शिवराम मीणा, प्रकाश शर्मा, नवल मिश्रा,अक्षय सैनी, धर्मपाल यादव, पुरण बुनकर,अमरसिंह चांवला, मुइनुद्दीन लुहार समेत हजारो की संख्या में बच्चों समेत लोग रैली में भाग लिया।

# जिला बैरवा कर्मचारी-अधिकारी विकास संस्था की बैठक आज

**टोंक (मृदुल पत्रिका)।** जिला बैरवा कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था टोंक की साधारण सभा की बैठक 13 अगस्त रविवार को प्रातः 11 बजे परिणय पैराडाइज कृषि मंडी के सामने हाउसिंग बोर्ड टोंक में संस्था संरक्षक बी. एल. बैरवा, डायरेक्टर आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग राजस्थान सरकार जयपुर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला महामंत्री बनवारी लाल बैरवा ने बताया कि साधारण सभा की इस बैठक में मुख्य सलाहकार, सलाहकार मंडल, जिला प्रबंध कार्यकारिणी पदाधिकारी,ए कार्यकारिणी सदस्य, समस्त तहसील अध्यक्ष एवं विशेष आमंत्रित सदस्य भाग लेंगे। एजेंडे के अनुसार साधारण सभा की।

इस बैठक में संस्था के तीन मुख्य पदों जिला अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष के पदों पर सर्वसम्मति से चुनाव करवाया जाएगा एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

**राज्य, जिला और ब्लॉक पर अधिकारियों ने किया स्कूलों का दौरा, विद्यार्थियों से साझा की ट्रैफिक नियमों की जानकारी**

# प्रदेश के स्कूलों में शनिवार को 'नो बैग डे' पर बच्चों ने सीखा 'जीवन है अनमोल' का पाठ, आयोजित हुई 'सड़क सुरक्षा' से संबंधित गतिविधियां



**जयपुर (मृदुल पत्रिका)।** राजस्थान के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों में शनिवार को 'नो बैग डे' के मौके पर विशेष थीम पर आधारित गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकार, व्यक्त्तित्व विकास और जीवन मूल्यों का पाठ पढ़ाया जा रहा है। इसी सिलसिले में शनिवार को पूरे प्रदेश में स्कूली बच्चों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए 'जीवन है अनमोल' की थीम पर कार्यक्रम और एक्टिविटीज का आयोजन हुआ। इस दौरान राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों ने स्कूलों को दौरा कर 'नो बैग डे' की गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए वहां आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों के साथ दोपहिया वाहन चलाते समय सावधानी, ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता, नियमों के उल्लंघन पर जुर्माने के प्रावधान, हेलमेट के उपयोग से जीवन के बचाव, सीट बेल्ट प्रयोग के फायदों के अलावा सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों से संबंधित साइनेज के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की। स्कूल शिक्षा विभाग की विशिष्ट शासन सचिव चित्रा गुप्ता ने जयपुर के सांगानेर और संयुक्त शासन सचिव किशोर कुमार ने अजमेर के वैशाली नगर में स्कूलों का निरीक्षण किया। स्कूल शिक्षा निदेशक कानाराम सहित राज्य, संभाग, जिला और ब्लॉक स्तर पर अलग–अलग अधिकारी स्कूलों में बच्चों के बीच पहुंचे। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा 'सड़क सुरक्षा' तथा 'जीवन है अनमोल' की थीम पर नाटक, कविता, कहानी और भाषण जैसी गतिविधियों को सराहा। बच्चों ने जगह–जगह रैली निकालकर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में अवेयरनेस पैदा की, वहीं विद्यालयों में सड़क दुर्घटना के समय मानवीय दायित्व के सम्बंध में प्रेरक फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि राज्य के सरकारी स्कूलों में प्रत्येक शनिवार को 'नो बैग डे' पर संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का पठन कराया जा रहा है। इसके साथ ही अलग–अलग माह में 'नो बैग डे' के दिन 'गुड टच–बैड टच', तम्बाकू से बचाव, स्मार्ट विद्यार्थी और सड़क सुरक्षा जैसी विशेष थीम पर गतिविधियों के आयोजन के बारे में कार्यक्रम जारी किया गया है।

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पार्षद नरेंद्र मीना ने वार्डवासियों के साथ बोरिंग का किया उद्घाटन, भरपूर मात्रा में पानी आया



**अलवर (मृदुल पत्रिका)।** शनिवार को अलवर वार्ड नं 30 के स्कीम नं 5 में बोरिंग का उदघाटन किया गया जानकारी के अनुसार वार्ड वासियों ने बताया की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद नरेंद्र मीणा रहे मीणा ने वार्ड में बोरिंग का नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया जिसमें भरपूर मात्रा में पानी हुआ। नरेंद्र मीना ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के द्वारा आमजन की सुविधा के लिए जन जन तक पानी पहुंचे उसको लेकर योजनाएं चलाई गई है और पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र जी के अथक प्रयासों से जलदाय विभाग के द्वारा योजना का लाभ लेते हुए पानी के लिए करोड़ों रुपये के फंड जारी किए जा रहे हैं। जिसके चलते वार्डो में विकास कार्यों को युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। और मीना ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह जी के सहयोग से मेरे द्वारा वार्ड में बड़े बड़े विकास कार्य भी किए है और वार्ड में सड़के भी बनवाई गई है वार्ड में जो भी समस्या थी उनका तुरंत प्रभाव से समाधान भी किया है वार्डवासीयो कभी परेशान नही होने दिया, बाद में वार्ड वासियों ने पार्षद नरेंद्र मीना का आभार जताया और साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया इस बीच वार्ड वासियों के द्वारा मिठाई वितरित कर खुशी जाहिर की। इस दौरान दर्जनों की तादाद में सभी वार्ड वासी मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी जिला देहात दक्षिण बस्सी की ओर से विजय संकल्प की बैठक



**बस्सी (राकेश शर्मा/ मर्दुल पत्रिका)।** क्षेत्र के बस्सी चक बलराम आश्रम में भारतीय जनता पार्टी देहात दक्षिण बस्सी की बैठक का आयोजन किया गया इस मौके पर विजय संकल्प बैठक कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ द्वारा किया गया । राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री डॉ कन्हैयालाल मीणा, एसटी मोर्चा जयपुर जिला उपाध्यक्ष उर्मी करोल, चंद्रमोहन मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष रामानंद गुर्जर, हरिमोहन शर्मा रामकेश मीणा, हेमंत मीणा, अनिल शर्मा, रामफूल मीना मनोज मीणा व बाहर से आए हुए सभी अतिथियों का माला पहनाकर साफा पहनाकर दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया इस मौके पर भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ द्वारा आने वाले चुनाव को लेकर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को जानकारी दी और कहा कि राजस्थान सरकार के राज में आए दिन भ्रष्टाचार बलात्कार चोरी लूटपाट रीट पेपर लीक व कई तरह की घटनाएं हो रही है और कहा कि आने वाले चुनाव में भाजपा की ही जीत होगी और सभी कार्यकर्ताओं को अभी से ही कार्य में जुटने का संदेश दिया इस दौरान कार्यक्रम का समापन राष्टगान के साथ किया।

## रविवार को 4 घंटे बंद रहेगी बिजली



**धौलपुर (मृदुल पत्रिका)।** विद्युत निगम धौलपुर के एआरओ गणेश कुमार झा ने बताया कि 13 अगस्त रविवार को धौलपुर शहर के कई इलाकों में 4 घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। झा ने बताया कि विद्युत निगम धौलपुर के एसई बीएस गुप्ता के निर्देश पर रीको सब स्टेशन धौलपुर पर रविवार को रखरखाव कार्य किया जाएगा। जिस कारण रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रीको एरिया, ओड़ेला रोड, पूरन विहार कॉलोनी, ज़िरौली, जीटी रोड आदि इलाकों की बिजली बंद रहेगी।

# आजादी का अमृत महोत्सव के तहत किया कौशल विकास, छात्राओं ने किया सरस इण्डस्ट्री का भ्रमण



**टोंक (मृदुल पत्रिका)।** सैंट सोल्जर महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने शनिवार को सरस इण्डस्ट्री का भ्रमण किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रिया सक्सेना ने बताया कि महाविद्यालय निदेशक बाबूलाल शर्मा सदैव छात्राओं के शैक्षणिक व कौशल विकास कार्य करवाने की प्रेरणा देते रहते है।

अतः उन्हीं की प्रेरणा से भारत सरकार के 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के कौशल विकास का विचार आया और तब सरस इण्डस्ट्री के पदस्थ अधिकारियों से छात्राओं के इण्डस्ट्री विजिट की अनुमति प्राप्त प्राप्त की गई। उन्होने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण हेतु लगभग 130 छात्राओं को ले जाया गया। इण्डस्ट्री में छात्राओं ने दूध संग्रहण, उसे गर्म करने, ठण्डा करने, दूध की गुणवत्ता के हिसाब से उसके पृथक्करण, घी तथा छाछ का बनाना, कोल्ड़ स्टोरेज में पुनः संग्रहण करना, उसकी मार्केटिंग आदि सभी के बारे में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है इनमें से अधिकतर छात्राऐं ग्रामीण क्षेत्रों की है। इनमें यह जानने की उत्सुकता थी कि इनके गाँवों से एकत्रित किया जाने वाला दूध किस तरह पैक होकर बाज़ार तक आता है। इस शैक्षणिक भ्रमण में छात्राओं के साथ व्याख्याता राघवेंद्र सिंह नामा, अमित रणवाल, हरिओम शर्मा, हरिशंकर शर्मा, राजेश कुमार पटवा, आकांक्षा शर्मा, शिप्रा सक्सेना, प्रेरणा चौरासिया, अरूण गर्ग, मोहम्मद जुबेर एवं अवधेश पारीक आदि भी थे।

## बाड़ी में इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना का शुभारंभ कलेक्टर और विधायक मलिंगा ने बालिका को फोन देकर की शुरुआत

**धौलपुर (मृदुल पत्रिका)।** धौलपुर जिले की पंचायत समिति बाड़ी परिसर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा शुरू की गई महिलाओ और बालिकाओ के लिए निशुल्क मोबाईल वितरण योजना का शुभारम्भ किया गया। जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल एवं उपखंड अधिकारी गिरधर सिंह मीणा की मौजूदगी में अधिशाषी अधिकारी रामजीत सिंह के निर्देशन में इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना का वितरण बाड़ी विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट घोषणा में इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना के तहत प्रथम चरण में 40 लाख महिलाओं को फ्री मोबाइल वितरित किये जा रहे है। जिसमें ग्रामीण नरेगा में 100 दिन व शहरी नरेगा में 50 दिन की उपस्थिति एवं स्कूल कालेज की छात्राओं व विधवा महिलाओं को पहले चरण में मोबाइल वितरण किया जाएगा। जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल ने बताया कि छात्राओं के लिए ऑनलाइन पढ़ाई के बहुत ही उपयोगी साबित होगा। इस दौरान बाड़ी तहसीलदार परसोत्तम लाल, नगर पालिका चेयरमैन कमलेश देवी, बाड़ी सीओ महेन्द्र सिंह, पीआरओ राजकुमार मीणा, एसीपी लोकेश शाक्यवाल, बाड़ी प्रोग्रामर उमेश शर्मा, आईए राजेश वर्मा,अविता मीणा, डीईओ तपेश बिधूड़ी, अमित कुमार शुक्ला, सामुदायिक संगठक जोगेन्दर मीणा, धीरज कुमार बंसल, पार्षद ओमवीर सिंह चौधरी, राजकुमार भारद्वाज, जसवंत सिंह कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## बाड़ी में पुराने विवाद को लेकर 2 पक्षों में तनाव, पुलिस ने तत्परता से स्थिति को संभाला, 3 जनों को हिरासत में लिया



**धौलपुर (मृदुल पत्रिका)।** जिले में बाड़ी शहर के कसाई पाड़ा मोहल्ले में आज दिन में छोटी सी बात पर एक बार फिर से तनाव भड़क गया। बताया जा रहा है कि एक पक्ष के लोग जब बाजार से निकल रहे थे तो दूसरे पक्ष के घर पर बैठे लोगों ने कोई व्यंग कर दिया। साथ में उनकी वीडियो बनाने का भी प्रयास किया। जिसको लेकर दूसरे पक्ष ने आपत्ति की तो झगड़ा हो गया। इस दौरान एक पक्ष द्वारा रास्ते किनारे रखे एक बड़े पत्थर को तोड़कर उसके टुकड़े करने और फेंकने का प्रयास किया। जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई और मोहल्ले के लोग इधर-उधर भागने लगे। लेकिन झगड़े की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुची पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया और झगड़ा रुक गया। बताया जा रहा है कि झगड़े के दौरान अचानक पुलिस के पहुंचने से दोनों तरफ के लोग इधर-उधर भाग गए। एडिशनल एसपी देवेंद्र सिंह राजावत के नेतृत्व में भारी पुलिस जाप्ते ने कसाई पाड़ा मोहल्ले में पहुंच आरोपियों की घरों में जाकर तलाश की। इस दौरान मौके से एक पक्ष के तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है वहीं दूसरे पक्ष के लोगों की तलाश जारी है। बाड़ी कोतवाली थाना अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया की दिन में जब तिरंगा यात्रा शहर में निकल रही थी, उसी दौरान सूचना मिली तो पुलिस का पूरा जाप्ता कसाई पाड़ा पहुच गया। इसके चलते कोई झगड़ा नहीं हुआ है। थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कसाई पाड़ा मोहल्ले के सानू कुरेशी और हनीफ कुरेशी पक्ष के बीच में पूर्व से झगड़ा चल रहा है। जो जमीन विवाद और धार्मिक जगहों पर कब्जे को लेकर है। जिसमें दोनों पक्ष कई बार आमने सामने हो चुके हैं। ऐसे में आज जब हनीफ कुरेशी पक्ष के लोग बाजार से निकल रहे थे तो सानू कुरेशी पक्ष के लोगों ने व्यंग्य किया। इसी से झगड़ा हुआ, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंच स्थिति को संभाल लिया। सानू कुरेशी पक्ष के तीन लोग हिरासत में लिए हैं। हनीफ कुरैशी के पक्ष के लोगों की तलाश जारी है।

## भाजपा नेत्री सुषमा यादव आज निकालेंगी जनसंपर्क यात्रा



**गढ़ गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों से निकाली जाएगी यात्रा, केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का करेंगी प्रचार प्रसार**

**चौमूं (मृदुल पत्रिका)।** भाजपा नेत्री डॉ. सुषमा यादव के नेतृत्व में जनसंपर्क यात्रा का आयोजन रविवार प्रातः 8.30 बजे आयोजन किया जाएगा। जनसंपर्क यात्रा के माध्यम से संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में आम जन से भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को लेकर प्रचार प्रसार किया जाएगा। भाजपा नेत्री सुषमा यादव ने बताया कि प्राचीन गढ़ गणेश मंदिर प्रांगण से जनसंपर्क यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा जो बस स्टैंड, थाना मोड़ होते हुए ग्राम कालाडेरा आष्टी गांव पहुंचेगी जहां जनसंपर्क कर समस्याओं को जानेंगी तथा केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को लेकर प्रचार प्रसार किया जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सुषमा यादव ने कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधते हो कहा कि राजस्थान में महिला अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। वे सुरक्षा व उनके अधिकारों को लेकर जानवी वूमेन सोसाइटी संस्था द्वारा लड़ाई व संघर्ष करती आ रही हैं और पिछले कई वर्षों से चौमूं विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से एक कार्यकर्ता के रूप में सेवा भाव रखते हुए कार्य कर रही हैं। भाजपा नेत्री सुषमा यादव चौमूं विधानसभा क्षेत्र से विधायक की उम्मीदवारी जाता रही हैं। डॉ सुषमा यादव ने बताया कि क्षेत्र की समस्याओं पानी, बेरोजगारी, शिक्षा व स्वास्थ्य को दूर करने का प्रयास कर रही हैं।

इस दौरान डॉ सुषमा यादव ने आमजन से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा जनसंपर्क यात्रा का हिस्सा बनें और क्षेत्र को खुशहाल बनाने व क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में उनका साथ दें।

### आंधी तहसील परिसर में स्मार्टफोन योजना का शुभारंभ

# महिला सशक्तीकरण की दिशा में स्मार्टफोन योजना उपयोगी: विधायक गोपाल मीणा









**मोबाइल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर छाई खुशी**

**जमवारामगढ़ (रतनलाल गुर्जर/ मृदुल पत्रिका)।** जननायक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा शुरू की गई इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना महिला सशक्तीकरण की दिशा में काफी उपयोगी है। स्मार्टफोन योजना महिलाओं एवं बालिकाओं को स्मार्ट बनाकर उनकी प्रगति में सहयोगी बनेगी। उक्त उद्‍गार जमवारामगढ़ विधायक गोपाल लाल मीणा ने आंधी तहसील परिसर में शनिवार को इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के शुभारंभ के अवसर पर कहे।

विधायक गोपाल मीणा ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा महंगाई से राहत प्रदान करने के लिए 10 योजनाओं की शुरुआत की थी तथा उसका फायदा भी आम लोगों को मिलने लग गया है। महिलाएं एवं छात्राएं स्मार्टफोन का सदुपयोग कर जीवन में बदलाव ला सकती हैं।

आंधी पंचायत समिति की प्रधान श्रीमती मानसी मीणा ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा जनता जनार्दन के लिए विकास के द्वार खोलकर अनगिनत कार्य कराए गए हैं वहीं महंगाई से राहत प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया है। विधायक गोपाल मीणा के सतत प्रयास से आंधी पंचायत समिति क्षेत्र में जबरदस्त विकास हुआ है। इसके लिए उन्हें धन्यवाद। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना में मिले मोबाइल का विकास पर एवं ज्ञान अर्जित करने में उपयोग करने का आह्वान किया।

समाजसेवी द्वारिकालाल ने राजस्थान सरकार एवं विधायक गोपाल मीणा के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को गिनाते हुए आंधी पंचायत समिति क्षेत्र के विकास को अकल्पनीय बताते हुए जनता जनार्दन से स्मार्टफोन योजना का भी लाभ लेने का आग्रह किया।

उप जिला कलेक्टर जमवारामगढ़ चिमनलाल मीणा, आंधी पंचायत समिति के विकास अधिकारी गिर्राज प्रसाद बुनकर, तहसीलदार राजेंद्र मीणा, ग्राम पंचायत के सरपंच गण, जनप्रतिनिधि, पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी महावीर प्रसाद स्वर्णकार, हरिनारायण शर्मा, सहायक लेखा अधिकारी प्रवीण कुमार मीणा, ग्राम विकास अधिकारी सतीश कुमार खंडेलवाल, ओम प्रकाश शर्मा, अशोक कुमार मीणा, कनिष्ठ सहायक कमल किशोर शर्मा सहित सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सूचना सहायक कंप्यूटर अनुदेशक आंधी ग्राम पंचायत की लाभार्थी महिलाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आंधी पंचायत समिति के विकास अधिकारी गिर्राज प्रसाद बुनकर ने बताया कि लाभार्थियों को मोबाइल फोन वितरण के लिए चिह्नित किया था वे परिजनों के साथ आई जिनका क्रम अभी बाकी है, उत्सुकतावश वे भी चली आई और मोबाइल फोन मिलने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिनके पास पहले से स्मार्टफोन हैं, वे भी खुश थीं कि नया मोबाइल मिलेगा और जो पुराने की-पैड फोन से काम चला रही थीं उनकी तो खुशी का ठिकाना नहीं था। उन्होंने बताया कि प्राथमिकता से एकल, विधवा एवं छात्राओं को स्मार्टफोन दिए गए। आंधी पंचायत में 382 महिला एवं छात्रों को फोन दिए जाने हैं। शनिवार को प्रथम दिन 192 महिलाओं एवं छात्रों को फोन प्रदान किया तथा 190 महिलाओं को सोमवार को प्रदान किए जाएंगे। मंच संचालन पंचायत समिति के कनिष्ठ सहायक कमल किशोर शर्मा ने किया। इससे पूर्व विधायक गोपाल मीणा पंचायत समिति प्रधान मानसी मीणा विभिन्न जनप्रतिनिधियों अधिकारियों मीडिया कर्मियों का माल्यार्पण व तोलिए भेंट कर स्वागत एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

**विधायक ने बांटे स्मार्टफोन और खींची सेल्फी**

जमवारामगढ़ विधायक गोपाल मीणा ने महिलाओं एवं बालिकाओं को तहसील परिसर में स्मार्टफोन का वितरण किया वहीं उन्हें स्मार्टफोन से सेल्फी विद एमएलए फोटो खींच सुरक्षित रखने की बात कही। महिलाओं एवं छात्रों ने विधायक गोपाल मीणा के साथ सेल्फी पर प्रसन्नता जाहिर की व स्माइल दी तथा सरकार के स्मार्टफोन वितरण को अकल्पनीय बताया

**कीर्ति सोनी का सपना साकार**

कीर्ति ने बताया कि मोबाइल मिलने से अब घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ लिया जा सकेगा। तीन साल तक डाटा भी फ्री मिलेगा ऐसे में पढ़ाई भी घर पर ऑनलाइन हो सकेगी। अब सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए ई-मित्र के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। स्मार्ट फोन मिलने से अब घर बैठे उच्च शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग भी ले सकेंगी।

**इच्छा तो थी, सरकार ने पूरी कर दी**

यहां स्मार्ट फोन पाने वाली लाभार्थी महिलाओं एवं छात्रों की मुस्कान उनके मन की खुशी बयां कर रही थी। उन्होंने बताया कि यों तो घर में सबके पास स्मार्टफोन है। मन तो होता था कि सबके पास हैं तो उनके पास भी अपना फोन हो लेकिन सोचा कि क्यों पैसा लगाकर फोन खरीदा जाए लेकिन मुख्यमंत्री ने उन जैसी कितनी ही महिलाओं एवं छात्रों को स्मार्ट फोन देकर उन्हें खुशी और सुविधा दोनों दी हैं। इसके लिए वे मुख्यमंत्री का धन्यवाद करती हैं।

**अब ज्यादा सुविधा मिलेगी**

मनभरी देवी ने बताया कि सरकार का दिया स्मार्टफोन पाकर तो बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन आज सबकी जरूरत है। सरकार ने यह योजना लाकर बहुत बड़ा काम किया है। एक बेटी ने बताया कि उनकी इच्छा थी कि मां को स्मार्ट फोन दिलाएं लेकिन यह काम सरकार ने पूरा कर दिया। मुख्यमंत्री को बार-बार धन्यवाद।

## काजीपुरा में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शहीदों को श्रद्धांजलि



**जयपुर (मृदुल पत्रिका)।** पंचायत समिति सांभर लेक के ग्राम पंचायत काजीपुरा मुख्यालय पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों व सेवानिवृत्त पुलिस व सेना के प्रतिनिधियों द्वारा शपथ ग्रहण की गई तथा पंचायत परिसर में वृक्षारोपण किया गया। देश के लिए शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि व नमन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच नवरतन कुमावत, वार्ड पंच राजूलाल, श्रीमती गुड्डी देवी, ग्राम पंचायत स्तरीय कार्मिक व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शिविर में 81 यूनिट रक्त एकत्र



**कोटपूतली (मृदुल पत्रिका)।** कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में फैन भगत सिंह दा ग्रुप के कार्यकर्ताओं ने छात्रसंघ अध्यक्ष अतुल खारड़िया के नेतृत्व में जय भीम रक्तकोष समिति के बैनर तले स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। जिसमें कुल 81 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस मौके पर मनीष बालास, संजय सुन्दरपुरा, सुभाष पूतली, सुनील खाड़ा, रविन्द्र खाड़ा, जैकी बालास, शंकर बालास, सुभाष बालास, अनिल योगी, उपेन्द्र योगी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधीक्षक राजकीय बालिका गृह, बाल अधिकारिता विभाग गांधीनगर, जयपुर**

क्रमांकः-1724 दिनांकः 02-08-2023

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना 02/2023-24**

जॉब बेसिस पर सफाई कर्मी, महिला केयर टेकर, रसोईया, चौकीदार हेतु वर्ष 2023-24 (1 वर्ष या विभाग द्वारा नियोजित होने तक जो भी पहले हो) कराने हेतु इच्छुक श्रम आपूर्तिकर्ताओं / स्वयं सहायता समूहों / संवेदक से अनुमानित कुल राशि 20.00 लाख रुपये की ई-निविदाएं दिनांक 01.08.2023 से 16.08.2023 तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र में पूर्ण विवरण विभागीय दस्तावेज मय शर्तें http://dcr.rajasthan.gov.in एवं http:/eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं।

UBN-CED2324SLOB00027 अधीक्षक राजकीय बालिका गृह जयपुर



**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20 ई-निविदा सूचना

सिगनल एवं दूर संचार विभाग (निर्माण)

ई निविदा संख्या S&T/C/AI/23/01

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार विभाग (निर्माण), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र पर खुली ई निविदा (Single Packet) आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम :** Design, manufacture, supply, installation, testing and commissioning of Microprocessor based Electronic Interlocking (EI) system at Kheroda & Kanor Station as per RDSO Specification No. RDSO/SPN/192/2019 Version 2 with latest amendment for execution of indoor and outdoor Signaling work which includes excavation of trench, laying of cables, casting of foundations of MACLS Signals & apparatus cases, erection /installation of MACLS signals, fixing & wiring of track circuits & point machines, centralized operation of points & signals etc as per RE standard on Mavli - Bari Sadri Section & addition/alteration work in existing Kyosan (K5BMC) make EI at Mavli Jn. Station in c/w block instrument replacement work along with RE fitness work of existing signaling assets at Nathdwara station in Mavli-Nathdwara section of Ajmer division of North Western Railway **कार्य की अनुमानित लागत:** रुपये 09,48,91,242.58 /- **बयाना राशि जमा कराने हेतु :** रुपये NIL **Date of Opening of E-tender will be 04.09.2023.** Website particulars and notice board location were completed by this office. The eligibility criteria for the tender are mentioned on the tender document which can be can be downloaded w.e.f. **10.08.2023** from the website **"http://www.ireps.gov.in"**

843-CQ/23

/NWRailways /NWRailways_


## 'यूथ चला बूथ' विषय पर की पोस्टर प्रतियोगिता



**झुंझुनूं (कृष्ण स्वामी/ मृदुल पत्रिका)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पी.जी. महाविद्यालय में एन.एस.एस. की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत ''यूथ डे'' के उपलक्ष में ''यूथ चला बूथ'' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर कशिश पुत्री ज्ञानेश कुमार, द्वितीय स्थान पर साक्षी छापोला पुत्री सुरेश कुमार तथा तृतीय स्थान पर रजनी प्रजापत पुत्री अमर सिंह ने प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने छात्राओं को युवा शक्ति के विषय में बताया कि युवा यदि चाहे तो कठिन से कठिन कार्य भी आसानी से कर सकते हैं, युवा जागरूक होंगे तो, देश जागरुक बनेगा और देश जागरुक बनेगा तो सभी का विकास व कल्याण होगा। अतः युवाओं को जागरूकता के साथ अपने अधिकारों व कर्तव्यों का पालन भी करना चाहिए। ई.एल.सी. प्रभारी पिंकेश ने आगामी विधानसभा चुनाव मे शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एन.एस.एस. प्रभारी अंजू सैनी व समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## ढूकिया हॉस्पिटल में लेजर मशीन से पथरी का ऑपरेशन



**झुंझुनूं (मृदुल पत्रिका)।** इलाज के मामले में चिरंजीवी राहत का केंद्र बन चुके ढूकिया हॉस्पिटल में दिनेश का गुर्दे की पथरी ऑपरेशन बिना किसी चीरफाड़ और दर्द के चिरंजीवी योजना में कैशलेश होंने पर दिनेश ने बड़ी राहत पायी। बतौर दिनेश उसे काफी दिनों से पेट में दर्द की परेशानी थी जिसके बाद वो 7 अगस्त को ढूकिया हॉस्पिटल में यूरोलोजिस्ट डॉ उमराव कुल्हरी को दिखाने के बाद ऑपरेशन के लिए भर्ती हुए। 7 अगस्त को ही उसका पथरी का ऑपरेशन किया गया। जिसके बाद 8 अगस्त को दिनेश को डिस्चार्ज कर दिया गया। अस्पताल संचालक डॉ मोनिका ढूकिया ने बताया कि मूत्र एवं गुर्दा रोगों के ईलाज व ऑपरेशन के लिए चिरंजीवी ईसीएचएस, आरजीएचएस इंपेनल्ड ढूकिया हॉस्पिटल एक बड़े सेंटर के रूप में स्थापित हुआ है यहां यूरोलोजिस्ट की सेवाओं से मरीजों की पहली प्राथमिकता ढूकिया हॉस्पिटल ही बन चुका है। डॉ मोनिका ने बताया कि यूरोलॉजी के अलावा ऑर्थो, मेडिसिन, सर्जरी आदि सभी ब्रांचों में भी नियमित सेवाएं उपलब्ध रहती हैं। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि कूल्हे व घुटने जोड़ प्रत्यारोपण का झुन्झुनू में सफलतम केन्द्र है एवं यहां अस्थमा व श्वास रोग की विशेष जांच के लिये पीएफटी (स्पाईरोमेटरी) मशीन की सुविधा उपलब्ध है।


**RISHAB SPECIAL YARNS LTD.**

CIN No. L17114RJ1987PLC004067

2070, Rasta Bara Gangore, Jaipur : 302003 (Rajasthan)

Tel. No.0141-2575213 ; Email ID : compliance.rsyl@gmail.com;

website : www.rishabspecial.com

**Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30th June 2023**

(Rs. In Lakhs)

| Particulars | Sr. No. | Quarter ended 30.06.2023 (Unaudited) | Quarter ended 31.03.2023 (Audited) | Quarter ended 30.06.2022 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2023 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| **1. Income from operations** | 1 | | | | |
| Revenue from operations | - | - | - | - | - |
| Other Income | - | - | - | - | - |
| **Total Income** | | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| **2. Expenses** | 2 | | | | |
| Cost of materials Consumed | | - | - | - | - |
| Purchase of Stock in Trade | | - | - | - | - |
| Change in inventories of finished goods, work-in-progress and stock-in-trade | | - | - | - | - |
| Administrative Expenses | | 9.33 | 0.20 | 0.50 | 1.10 |
| Finance Cost | | - | - | - | - |
| Depreciation and amortisation expense | | - | - | - | - |
| Other expenses | | - | - | - | - |
| **3. Total Expenses** | | 9.33 | 0.20 | 0.50 | 1.00 |
| **4. Profit/ (Loss) from before exceptional items and Tax (1-2)** | 3 | -9.33 | -0.20 | -0.50 | -1.00 |
| **5. Exceptional items** | 4 | | | | 0.00 |
| **6. Profit /(Loss) before Tax ( 3-4 )** | 5 | -9.33 | -0.20 | -0.50 | -1.00 |
| **7. Tax expense ( Deferred Tax Assets)** | 6 | - | - | - | 0.10 |
| **8. Net Profit / (Loss) after Tax ( 5-6)** | 7 | -9.33 | -0.20 | -0.50 | -0.90 |
| **Other Comprehensive Income** | 8 | | | | |
| - Items that will not be reclassified to Profit & Loss | | - | - | - | - |
| - Items that will be reclassified to Profit & Loss | | - | - | - | - |
| **Total Comprehensive Income/ (Loss) for the period ( 7+8)** | | -9.33 | -0.20 | -0.50 | -0.90 |
| **9. Paid-up Equity Share Capital** (Face value Rs. 10/- Each ) | 9 | 356.07 | 356.07 | 356.07 | 356.07 |
| **10. EPS (Not annualised)** Basic & Diluted EPS before Extraordinary item | 10 | (0.262) | (0.006) | (0.014) | (0.025) |
| | | (0.262) | (0.006) | (0.014) | (0.025) |

NOTES :-

1. The above Unaudited financial Results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 12th Aug. 2023.
2. Status of Investor Complaints during the quarter ended June, 2023 Opening Balance : (Nil) Received : (Nil ) Disposed off : (Nil) Pending as on 30.06.2023 : (Nil)
3. Presently the company is primarily engaged in single business segment viz. Trading of Commodities.
4. The figure of the previous period have been regrouped / rearranged wherever considered necessary.

For RISHAB SPECIAL YARNS LIMITED
SD/-
SANJAY KUMAR AGRAWAL
(MANAGING DIRECTOR)
DIN : 06308288

Date : 12.08.2023
Place: JAIPUR



**कार्यालय नगरपालिका रतननगर (चूरू)**

क्रमांकः न.पा./रतननगर/ भूमि शाखा / 2021-22/2810 दिनांकः 09-08-2023

**सार्वजनिक विज्ञप्ति (आपत्ति आमन्त्रण-पत्र)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न लिखित आवेदकगण द्वारा निम्नांकित विवरण-पत्र में अपने नाम के सम्मुख अंकित कार्यों की स्वीकृति हेतु इस कार्यालय को अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/ हितधारक को कोई आपत्ति हो तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति निम्न अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने पर प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबंधित आवेदकगण के पक्ष में कर दिया जायेगा -

| क्र. सं. | पत्रावली क्रमांक | नाम आवेदक/आवेदिका | आवेदित भूमि की अवस्थिति | भूखण्ड का क्षेत्रफल | खसरा नं. | प्लाट संख्या | अपेक्षित स्वीकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | श्रीमती शशि देवी/धनेश कुमार नौवाल | वार्ड नं. 06 रतननगर | 25.37 वर्ग मीटर | - | - | 69 ए नियमन |
| 2 | | श्रीमती गोदावरी तंवर/लक्ष्मण राम तंवर | वार्ड नं. 08 रतननगर | 255.01 वर्ग मीटर | - | - | 69 ए नियमन |
| 3 | | श्री अयुब तंवर / जाफर तंवर | वार्ड नं. 19 रतननगर | 200.74 वर्ग मीटर | - | - | 69 ए नियमन |
| 4 | | श्री गुलजार डिडवानिया /नन्द किशोर | वार्ड नं. 15 रतननगर | 254.22 वर्ग मीटर | - | - | 69 ए नियमन |
| 5 | | श्रीमती अर्चना देवी / नेमीचन्द जांगिड़ | वार्ड नं. 09 रतननगर | 185.87 वर्ग मीटर | 757 | - | कृषि भूमि नियमन |
| 6 | | श्री मोहन लाल तंवर / सीताराम | वार्ड नं. 04 रतननगर | 278.81 वर्ग मीटर | 1330/630 | - | कृषि भूमि नियमन |
| 7 | | श्रीमती सरला देवी/ मोहन लाल तंवर | वार्ड नं. 04 रतननगर | 278.81 वर्ग मीटर | 1330/630 | - | कृषि भूमि नियमन |
| 8 | | श्रीमती मेहराज / समीर भाटी | वार्ड नं. 09 रतननगर | 223.04 वर्ग मीटर | 745 | - | कृषि भूमि नियमन |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रतननगर चूरू

## सम्पादकीय

# कल्याण योजनाओं में सेंधमारी रोकने के पुख्ता इंतजाम हों

सरकारी योजनाओं में सेंध लगाने वाले हर समय ताक में रहते हैं। खासकर गरीबों के लिए चलाई जाने वाली ज्यादातर योजनाएं इसलिए अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाती हैं कि उनमें अनियमितताओं की दर सबसे अधिक देखी जाती है। सरकारें इस हकीकत से अनजान नहीं हैं। मगर हैरानी की बात है कि कल्याण योजनाएं शुरू करने से पहले उन पर निगरानी के पुख्ता इंतजाम नहीं किए जाते।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की गई थी, तब उम्मीद बनी थी कि इससे गरीब परिवारों को मुफ्त इलाज का लाभ मिल सकेगा। इस तरह देश का स्वास्थ्य सूचकांक भी सुधरेगा। मगर अभी नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग ने इस योजना के संबंध में जो आंकड़े पेश किए हैं, वे चिंता पैदा करने वाले हैं। कैग ने तीन ऐसे मोबाइल नंबरों की पहचान की है, जिन पर क्रमशः साढ़े सात लाख, एक लाख चालीस हजार और छियानबे हजार लोग इस योजना के तहत पंजीकृत थे।

एक पैन नंबर पर दो पंजीकरण के कई मामले पाए गए, सात आधार नंबरों पर साढ़े चार हजार से अधिक लोगों का पंजीकरण हुआ है। इसमें तैंतालीस हजार से अधिक ऐसे परिवार पंजीकृत पाए गए, जिनमें सदस्यों की संख्या ग्यारह से लेकर दो सौ एक तक है। छह राज्यों में एक लाख से ऊपर पेंशनभोगी भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। कैग ने सितंबर 2018 से मार्च 2021 के बीच की अवधि में हुई अनियमितताओं का विश्लेषण किया है। ये अनियमितताएं इसलिए हो पाई कि लाभार्थियों के पंजीकरण के सत्यापन में पुख्त तरीका नहीं अपनाया गया। बहुत सारे लोगों ने अवैध नाम, अवास्तविक जन्मतिथि, नकली पहचान पत्र, परिवार के सदस्यों की गलत संख्या आदि दर्ज करा कर इस योजना का लाभ उठाते रहे।

विश्लेषित अवधि के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत सात करोड़ सत्तासी लाख लोग पंजीकृत थे। इस तरह अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिन समूहों को ध्यान में रख कर यह योजना शुरू की गई थी, उनमें से कितने लोग इसका लाभ पाने से वंचित रह गए और अपात्र लोगों ने इसका फायदा उठा लिया।

दरअसल, इस योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को भुगतान करता है, जिनके जरिए इलाज करने वाले अस्पतालों को भुगतान किया जाता है। यह बात तो लंबे समय से उठाई जा रही थी कि बीमा कंपनियां और बहुत सारे निजी अस्पताल मिलीभगत करके आयुष्मान भारत योजना में सेंधमारी कर रहे हैं, मगर उन पर नजर रखने के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए।

योजनाओं का वास्तविक लाभ तब तक लक्षित समूह तक नहीं पहुंच पाता, जब तक कि उन पर निगरानी का तंत्र व्यावहारिक और पारदर्शी न हो। आयुष्मान भारत की तरह ही अनेक योजनाएं बड़ी अनियमिताओं का शिकार हो चुकी हैं। मनरेगा के अंतर्गत भी बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की शिकायतें आई थीं, जिस पर रोक लगाने के लिए कुछ तकनीकी इंतजाम किए गए, वास्तविक लाभार्थियों की पहचान में मुस्तैदी बरती जाने लगी।

हालांकि अब भी मनरेगा पूरी तरह भ्रष्टाचार मुक्त नहीं हो पाई है। मध्याह्न भोजन योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदि में भी इसी तरह लोगों ने सेंध लगाने का प्रयास किया। पिछले साल प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में भी बड़े पैमाने पर ऐसे लोगों का पंजीकरण चिह्नित किया गया, जो इसके सर्वथा अपात्र थे। इतने बड़े अनुभवों के बाद भी अगर कल्याण योजनाओं में सेंधमारी रोकने के पुख्ता और व्यावहारिक इंतजाम नहीं हो पा रहे हैं, तो इन योजनाओं की प्रासंगिकता ही प्रश्नांकित होती है।

# अंगदान है मानवता, उदारता एवं संवेदना का द्योतक



**ललित गर्ग**
लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं।



**अंगदान दिवस-13 अगस्त पर विशेष**

अंग दान दिवस भारत में प्रतिवर्ष 13 अगस्त को मनाया जाता है। हमारा देश महर्षि दधीचि जैसे ऋषियों का देश है, जिन्होंने एक कबूतर के प्राणों व असुरों से जन सामान्य की रक्षा के लिये अपना देहदान कर दिया था। परंतु समय के साथ भारत में अंगदान की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई। निश्चित तौर पर अंगदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। इस तरह अंगदान करने से एक प्रेरणादायी शक्ति पैदा होती है, जो अद्भुत होती है। इस तरह की उदारता एवं संवेदना व्यक्ति की महानता का द्योतक है, जो न केवल आपको बल्कि दूसरे को भी जीवन का उजास प्रदान करती है। किसी व्यक्ति के जीवन में अंग दान के महत्व को समझने के साथ ही अंग दान करने के लिये आम इंसान को प्रोत्साहित करने के लिये सरकारी संगठनों, सार्वजनिक संस्थानों और दूसरे व्यवसायों से संबंधित लोगों द्वारा हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर के अंग ही क्यों न हो। इस दृष्टि से अंगदान एक महान् दान है, जो हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है।

अंगदान की अहमियत और प्रक्रिया के बाबत लोगों को जागरूक करने के लिये ही अंगदान दिवस मनाया जाता है। मानवीय दृष्टि से हर इंसान को परिपूर्ण शरीर एवं अंगों के साथ जीवन जीना अपेक्षित है, इसलिये बिल गेट्स ने कहा भी है कि हर मनुष्य का जीवन समान रूप से मूल्यवान है।' यही कारण है कि जिस व्यक्ति के शरीर का कोई अंग भंग है या उसके शरीर का कोई हिस्सा अधूरा है तो उसे वह अंग दान कर एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया जा सकता है।

एक अंगदान दाता आठ जरूरतमंदों की जान बचा सकता है। कोई भी व्यक्ति इस पुनीत कार्य से जुड़ कर जीवन सार्थक बना सकते हैं। एक जीवित व्यक्ति के लीवर का अंश दो व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किया जा सकता है। लीवर की भांति पैंक्रियाज का आंशिक दान किया जाता है, फिर भी दाता का यह अंग बखूबी कार्य करता रहेगा। केवल भारत में ही नहीं दुनिया में हर साल लाखों लोगों के शरीर के अंग खराब होने के कारण मृत्यु हो जाती है। दुनिया भर के अंगदान दाताओं की संख्या की तुलना में अंगों की मांग काफी अधिक है। हर साल कई मरीज डोनर के इंतजार में मर जाते हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत में 200,000 किडनी की औसत वार्षिक मांग के मुकाबले केवल 6,000 ही प्राप्त होते हैं। इसी तरह, दिलों की औसत वार्षिक मांग 50,000 है, जबकि उनमें से 15 प्रतिशत उपलब्ध हैं। अंग दान करने वालों की संख्या बढ़ाने के लिए अंगदान की आवश्यकता को जनता के बीच संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है। सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं जैसे टीवी और इंटरनेट के माध्यम से जागरूकता फैलाना। हालाँकि, हमें अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। अंग दान किसी व्यक्ति के जीवन को बचा सकता है। इसके महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

कोई भी व्यक्ति चाहे, वह किसी भी उम्र, जाति, धर्म और समुदाय का हों, वह अंगदान कर सकता है। किसी व्यक्ति के जीवन में अंग दान के महत्व को समझने के साथ ही अंगदान करने के लिये आम इंसान को प्रोत्साहित करना इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है। अंगदान ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी जीवित या मृत, दोनों तरह के व्यक्तियों से स्वस्थ अंगों और ऊतकों को लेकर किसी अन्य ज़रूरतमंद व्यक्ति के शरीर में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है। प्रत्यारोपित होने वाले अंगों में दोनों गुर्दे (किडनी), यकृत (लीवर), हृदय, फेफड़े, आंत और अग्न्याशय शामिल होते हैं। जबकि ऊतकों के रूप में कॉर्निया, त्वचा, हृदय वाल्व कार्टिलेज, हड्डियों और वेसेल्स का प्रत्यारोपण होता है। आँख, पाचक ग्रंथि, आँत, अस्थि ऊतक, हृदय छिद्र, नसें आदि अंगों का भी दान किया जा सकता है। पूरे देश में ज्यादातर अंग दान अपने परिजनों के बीच में ही होता है अर्थात् कोई व्यक्ति सिर्फ अपने रिश्तेदारों को ही अंग दान करता है। विभिन्न अस्पतालों में सालाना सिर्फ अपने मरीजों के लिये उनके रिश्तेदारों के द्वारा लगभग 4000 किडनी और 500 कलेजा दान किया जाता है। जबकि भारत में ही प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख लोग अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रत्यारोपण की संख्या और अंग उपलब्ध होने की संख्या के बीच एक बड़ा अंतराल है।

अंगदान जीवन के लिये अमूल्य उपहार है। अंगदान उन व्यक्तियों को किया जाता है, जिनकी बीमारियाँ अंतिम अवस्था में होती हैं तथा जिन्हें अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है। जीवित व्यक्ति के लिये अंगदान के समय न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। साथ ही अधिकांश अंगों के प्रत्यारोपण का निर्णायक कारक व्यक्ति की शारीरिक स्थिति होती है, उसकी आयु नहीं। जीवित अंगदाता द्वारा एक किडनी, अग्न्याशय, और यकृत के कुछ हिस्से दान किये जा सकते हैं। कॉर्निया, हृदय वाल्व, हड्डी और त्वचा जैसे ऊतकों को प्राकृतिक मृत्यु के पश्चात् दान किया जा सकता है, परंतु हृदय, यकृत, गुर्दे, फेफड़े और अग्न्याशय जैसे अन्य महत्त्वपूर्ण अंगों को केवल ब्रेन डेड के मामले में ही दान किया जा सकता है। अंगदान और प्रत्यारोपण 'मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम (टीएचओए) 1994 के अंतर्गत आता है, जो फरवरी 1995 से लागू हुआ। इस अधिनियम के अनुसार अंगदान सिर्फ उसी अस्पताल में ही किया जा सकता है, जहां उसे ट्रांसप्लांट करने की भी सुविधा हो। यह अपने आप में बेहद मुश्किल नियम था। इस नियम से दूर-दराज के इलाकों के लोगों का अंगदान तो हो ही नहीं पाता था। इस समस्या को देखते हुए सरकार द्वारा 2011 में इस अधिनियम को संशोधित किया गया। नए नियम के मुताबिक अंगदान अब किसी भी आईसीयू में किया जा सकता है अर्थात उस अस्पताल में ट्रांसप्लांट न भी होता हो, लेकिन आईसीयू है, तो वहां भी अंगदान किया जा सकता है।

दुनियाभर में रक्तदान के प्रति जागरूकता की वजह से बड़े पैमाने पर लोगों ने इसका महत्व समझा और आगे आकर स्वेच्छा से रक्तदान करने लगे हैं, उसी प्रकार अंगदान के प्रति वैश्विक जागरूकता की महत्ती आवश्यकता है। रक्तदान के बाद दूसरे स्थान पर है नेत्रदान। लोग अब नेत्रदान के लिए भी आगे आने लगे हैं। तथ्य बताते हैं कि वैश्विक स्तर पर अंगदान में भारत की हिस्सेदारी बहुत ही कम है। प्राकृतिक मौत पर दिल के वाल्व, कॉर्निया, त्वचा एवं हड्डी जैसे ऊतकों का दान किया जा सकता है। भारत के आम नागरिकों में अंग दान को लेकर उचित शिक्षा और जागरूकता का अभाव है। में अधिकांश लोग मृत्यु के बाद जीवन एवं पारलौकिक विश्वासों में जीता है। अतः शरीर के अंगों में काट-छाँट उन्हें प्रकृति व धर्म के विपरीत लगता है। इसके अलावा समाज में व्याप्त अंधविश्वास, पारंपरिक सोच और कर्मकाण्डों, अंगदान के प्रति लोगों में स्पष्ट अवधारणा का अभाव में भय एवं मिथक, दूर दराज क्षेत्रों में सुविधाओं का अभाव, मानसिक तौर पर मृत व्यक्ति के परिजनों की सहमति नहीं मिल पाना, अस्पताल में अंग लेने के साधनों का अभाव और सबसे ऊपर जागरूकता का अभाव ऐसी चुनौतियां है जिन पर गहन चिंतन-मनन करते हुए अंगदान को व्यापक बनाया जा सकता हैं। ऐसे में डॉक्टरों, गैर-सरकारी संगठनों और समाज सेवियों को अंगदान के महत्त्व के प्रति लोगों को जागरूक करना चाहिये। सरकार को यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिये कि अंग प्रत्यारोपण की सुविधाएँ समाज के कमजोर वर्ग तक भी पहुँच सकें। इसके लिये सार्वजनिक अस्पतालों की अंग प्रत्यारोपण क्षमता में वृद्धि की जा सकती है। लोगों को खासकर ब्रेन डेड मरीज के परिजनों को समझना होगा कि अंगदान सबसे बड़ा दान एवं पुण्य का काम है। अंगदान कर आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचा कर पुण्य कमाने में पहल कर समाज में उदाहरण बन सकते हैं।

# समर्थ सेना के मायने



बीते दिनों नूंह की घटना का पूरा देश साक्षी रहा। एक संसद सदस्य सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय बोलने को लेकर लगभग हाथापाई पर उतर आए। कुछ महीनों पहले कन्हैयालाल और उमेश कोल्हे जैसे लोगों की गर्दनें मजहबी कट्टरपंथियों द्वारा उतार दी गईं। खालिस्तानी समर्थकों के प्रदर्शन दिख रहे हैं। पूर्वोत्तर में विदेशी शक्तियों की मदद से माहौल बिगाड़ा जा रहा है। देश में चौड़ी होती ये भ्रंश रेखाएं युद्धकाल का संकेत नहीं दे रहीं तो यह और क्या है। स्पष्ट रूप से हमें अपनी पुख्ता तैयारी करनी होगी। वस्तुतः, शांति का काल राष्ट्र के लिए स्थिरता, विकास, शक्ति अर्जन एवं भविष्य की तैयारियों का समय होता है। शांतिकाल के दायित्वों को विस्मृत करने के दुष्परिणाम हमने देखे हैं। जब मौर्य, गुप्त, कनिष्क और ललितादित्य के साम्राज्यों से लेकर यहां तक कि अंग्रेजों ने भी पश्चिमोत्तर में हमारी सीमाओं की रक्षा की है तो स्पष्ट है कि यही भारतवर्ष की स्वाभाविक सीमा है। देश के बंटवारे की ये नकली विभाजक रेखाएं हमारे भाग्य की रेखाएं नहीं हैं। कल जब हम समर्थ होंगे तो इतिहास की लहरों के सामने रेत की लकीरों की तरह ये मिट जाएंगी। हमारी पूर्वी सीमाएं कभी उस तरह से समस्या नही रहीं।

समस्या तो उत्तरी सीमाएं भी न होतीं, लेकिन हमारे अयोग्य शासक इसके मूल में रहे। पाकिस्तान बनाकर ब्रिटिश सरकार ने पश्चिमी दिशा में भारत के संभावित शक्ति विस्तार को जानबूझकर निष्प्रभावी कर दिया। जहां सिकंदर के सेनापति सेल्यूकस की पराजय हुई थी, आज वहां पाकिस्तान बना हुआ है। अगर सेल्यूकस की परायज न हुई होती तो मौर्य साम्राज्य स्थिर न होता। शेष विश्व से व्यापारिक संबंध न बने होते। समृद्धि और शक्ति का मार्ग बाधित रहता। उसी तरह आज पाकिस्तान एक शत्रु ही नहीं, बल्कि एक बाधा है जो हमारी राह रोके खड़ा है।

हमारी सांप्रदायिक समस्या देश की आंतरिक स्थितियों को अब इस तरह प्रभावित करने लगी है कि वह घोर सांप्रदायिकता के साथ-साथ क्षेत्रीय अलगाव का भी कारण बन रही है। यह सांप्रदायिकता बिहार और उत्तर प्रदेश में जातीयता का अवलंब बनकर संकट खड़ा कर रही है। बंगाल और केरल में यही सांप्रदायिकता आतंकी विभाजनकारी अभियान का आश्रय बन चुकी है। पीएफआई और अलकायदा के अतिरिक्त आईएस की भारत में संगठित होने की सूचनाएं हैं। इस सांप्रदायिक विभाजन से भारतवर्ष के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो रहा है। शांतिकालीन प्रविधानों से युद्धकाल का नियंत्रण असंभव सा होता जा रहा है। हम अतीत से ही आसन्न संकटों के प्रति जाग्रत नहीं रहे। कश्मीर 1947 से ही पाकिस्तान के लिए नाक का सवाल बना रहा है। एक तिहाई कश्मीर उसके अवैध कब्जे में पहले से है। बाकी कब्जाने का कुत्सित अभियान उसने छेड़ रखा है। कश्मीर पर कब्जा एवं भारत का इस्लामीकरण ही उसका लक्ष्य है। इसके लिए हम कौनसी काट तैयार कर रहे हैं? प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि जल्द ही देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि आर्थिक शक्ति की रक्षा बाहरी एवं आंतरिक सामरिक शक्ति के अभाव में कैसे संभव होगी? शत्रु तो अंदर भी हैं। चीन हमारे समक्ष आंतरिक शत्रुओं के नियंत्रण का एक बड़ा उदाहरण है। रूस-यूक्रेन युद्ध में हमने देखा है कि आर्थिक एवं सैन्यशक्ति का सहयोग एक दूसरे के लिए कितना आवश्यक है।

# महिलाओं में अनियमित माहवारी से मंडराया डायबिटीज का खतरा



**सीमा अग्रवाल**
स्वतंत्र लेखक व स्तंभकार

भारत को दुनिया की डायबिटीज कैपिटल कहा जाता है। दुनियाभर में मधुमेह के जो मरीज हैं, उसमें से 17 प्रतिशत अकेले भारत में हैं। यूनाइटेड किंगडम के जनरल लैसेंट में प्रकाशित आईसीएमआर के अध्ययन के अनुसार 2019 में भारत में 70 मिलियन लोग मधुमेह से ग्रसित थे। माना जा रहा है कि जल्द ही ये आंकड़ा बढ़कर 101 मिलियन हो जाएगा। अध्ययन में आगे कहा गया कि मधुमेह के प्रसार की दर पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं में कहीं ज्यादा है। जहां पुरुषों में यह 8.5ब्रहै, वहीं महिलाओं में इसकी दर 10.2 प्रतिशत है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों को आशंका है कि महिलाओं में तेजी से बढ़ता मधुमेह उनमें माहवारी की अनियमितता, उम्र से पहले मोनोपॉज और पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम के जोखिम को बढ़ा सकती है। यह भी संभावना व्यक्त की जा रही है कि महिलाओं में बढ़ती मासिक अनियमितता और पीसीओएस उनमें मधुमेह का जोखिम भी उत्तपन्न कर सकता है।

2013 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि माहवारी के ल्यूटल फेज के दौरान महिलायों के रक्त में शर्करा का स्तर ज्यादा था। दरअसल मासिक चक्र के ल्यूटल फेज में प्रोजेस्ट्रॉन का लेवल बढ़ जाता है,जिससे खून में ग्लूकोज का लेवल बढ़ता है और प्रीडायबिटीज की स्थिति बनाता है। अगर माहवारी लंबी चले या अनियमित हो तो बढ़े हुए प्रोजेस्ट्रान का लेवल कोशिकाओं को इंसुलिन प्रतिरोधी बनाता है। नतीजा महिलाएं टाइप-2 डायबिटीज की शिकार हो जाती हैं। ऐसे हालात में डॉक्टर महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान बार-बार मधुमेह की जांच कराने की सलाह देते हैं। माहवारी नियमित रहे इसलिए पोषणयुक्त आहार लेने को कहते हैं।


2020 में प्रकाशित अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के एक जनरल में इस बात का खुलासा हुआ कि , मासिक धर्म और मधुमेह में घनिष्ठ संबंध है। जनरल में बताया गया कि वे महिलाएं जो मोटापे की शिकार है एवं जिनमें महावारी अनियमित है वे मधुमेह के हाईरिस्क जोन में हैं।

आंकड़ों की मानें तो आज भारत में 5 में से एक महिला क्ष्टह्र से पीड़ित है। महिला मधुमेह रोगियों की बढ़ती संख्या इसमें इजाफा कर सकती हे। टाइप-2 मधुमेह से पीड़ित महिला का अग्नाशय अधिक मात्रा में इंसुलिन रिलीज करता है। यह ओवरीज में एंड्रोजन मेल सेक्स हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाता है। नतीजतन ओवरीज को ओव्यूलेट करने में समस्या आती है और माहवारी समय पर नहीं आती और ओवरी में छोटी छोटी सिस्ट बन जाती हैं। ऐसी स्थिति में डॉक्टर कम कार्बोहाइड्रेट और शर्करा वाला भोजन करने की सलाह देते हैं ताकि इंसुलिन के लेवल को बैलेंस किया जा सके।

आईसीएमआर के ताजा आंकड़ो के अनुसार भारत में 136 मिलियन लोग 15.3 प्रतिशत प्रीडायबिटीज के हैं। इस अध्ययन के अनुसार 4 सालों में भारत में मधुमेह के 44 प्रतिशत मामले बढ़े हैं। जो कि 2019 में 70 मिलियन थे।

शोधशास्त्रियों को आशंका है कि आने वाले 5 सालों में प्रीडायबिटिक के आधे मरीज टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित हो जाएंगे। जहां एक ओर तेजी से बढ़ते मधुमेह के मरीज चिंता का विषय हैं, वहीं दूसरी ओर नेशनल नॉन कम्युनिकेबल डिसीज मॉनिटरिंग सर्वे की मानें तो पुरुषों की तुलना में महिलाओं में मधुमेह का प्रसार तीव्र है।यदि यह स्थिति बनी तो भविष्य में महिला मधुमेह मरीज़ों की संख्या बढ़ेगी जो निश्चित तौर पर महिलायों में माहवारी अनिमियता और पीसीओएस का संकट बढ़ाएगा।

# भारतीय परंपरा, संस्कृति और विचार की सच्ची प्रतीक और संवाहक रही है संस्कृत



**सुनील कुमार महला**
स्वतंत्र लेखक व युवा साहित्यकार




भले ही आज के युग में संस्कृत को एक मृत भाषा की संज्ञा दे दी गई है लेकिन संस्कृत ही आज दुनिया की एकमात्र ऐसी भाषा है जिसे सबसे प्राचीन भाषा होने का गौरव प्राप्त है। आज दुनिया में लगभग 6-7 हजार से भी ज्यादा भाषाओं का प्रयोग किया जाता है और इन सभी भाषाओं की जननी संस्कृत को ही माना जाता है। यहां यह कहना कदापि ग़लत नहीं होगा कि

संस्कृत केवल एक मात्र भाषा नहीं है अपितु संस्कृत एक विचार है। संस्कृत एक संस्कृति है, एक संस्कार है। संस्कृत में विश्व का कल्याण है, शांति है ,सहयोग है वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना निहित है।महर्षि श्री अरबिंदों के शब्दों में 'अगर मुझसे पूछा जाए कि भारत के पास सबसे बड़ा खजाना क्या है और उसकी सबसे बड़ी विरासत क्या है, तो मैं बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब दूंगा कि यह संस्कृत भाषा और साहित्य है और इसमें वह सब कुछ है। यह एक शानदार विरासत है, और जब तक यह हमारे लोगों के जीवन को प्रभावित करती है, तब तक भारत की मूल प्रतिभा बनी रहेगी।' बहरहाल, इस वर्ष 30 अगस्त को विश्व संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वास्तव में, हर साल श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर इस दिवस का आयोजन किया जाता है। प्रतिष्ठित फोर्ब्स पत्रिका की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में सिर्फ संस्कृत ही एक ऐसी भाषा है जो पूरी तरह सटीक है। इसका कारण हैं इसकी सर्वाधिक शुद्धता। कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के लिए भी संस्कृत को ही सबसे उपयुक्त भाषा माना जाता है। वास्तव में, संस्कृत को विश्व की समस्त भाषाओं की जननी माना जाता है। संस्कृत को देववाणी अथवा सुरभारती भी कहा जाता है। वास्तव में, संस्कृत शब्द की उत्पत्ति सम् स् कृत से हुई है, जिसका अर्थ है परिष्कृत या परिमार्जित भाषा। मैक्समूलर जिन्संहोंने संस्कृत को आर्यों की मूल भाषा सिद्ध किया, उनके अनुसार संस्कृत के सभी शब्द 500 धातु से निकले हैं। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि हिंदू धर्म के लगभग लगभग धर्मग्रंथ भी इसी भाषा में लिखे गए हैं और बौद्ध धर्म का महायान, जैन धर्म के महत्वपूर्ण ग्रंथ तक संस्कृत भाषा में लिखे गए हैं। आज भी हिंदू धर्म में पूजा, यहां तक कि विभिन्न संस्कार यज्ञादि संस्कृत में ही होते हैं। ताज्जुब की बात है कि कम्प्यूटर के इस युग में कम्प्यूटर साफ्टवेयर के लिए संस्कृत भाषा को सबसे उपयुक्त माने जाने के बावजूद इसे कम्प्यूटर के लिए प्रयोग नहीं किया जाता है, लेकिन पाठकों को यह जानकारी प्राप्त करके अत्यंत आश्चर्य होगा कि संस्कृत भाषा में किसी भी शब्द के समानार्थी शब्दों की संख्या सर्वाधिक है। उदाहरण के तौर पर हाथी शब्द के लिए संस्कृत में चार हजार से अधिक शब्द हैं जैसे गजः, हस्ति, करि, कूम्भा, मतंग, द्विपः, महामृगः आदि। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार जब वो अंतरिक्ष ट्रैवलर्स को मैसेज भेजते थे तो उनके वाक्य उलट हो जाते थे। इस वजह से मैसेज का अर्थ ही बदल जाता था। उन्होंने कई भाषाओं का प्रयोग किया लेकिन हर बार यही समस्या आई। आखिर में उन्होंने संस्कृत में मैसेज भेजा क्योंकि संस्कृत के वाक्य उलटे हो जाने पर भी अपना अर्थ नहीं बदलते हैं।वास्तव में, संस्कृत (संस्कृतम्) भारतीय उपमहाद्वीप की एक हिंदू-आर्य भाषा हैं जो कि हिंद-यूरोपीय भाषा परिवार की एक शाखा है। इतिहासकार विल डूरान्ट ने लिखा है कि 'भारत की मातृभूमि कई प्रजातियों की जन्मदात्री रही है और संस्कृत यूरोपीय भाषाओं की जननी रही है। पाणिनि की रचना अष्टाध्यायी को आज भी संस्कृत व्याकरण और शब्दावली का एकमात्र स्रोत माना जाता है।प्रसिद्ध इतिहासकार और लेखक विलियम कुक टेलर ने संस्कृत के बारे में यहां तक कहा है कि 'इस भाषा की महारत हासिल करना लगभग जीवनभर का श्रम है, इसका साहित्य अंतहीन लगता है।' जानकारी मिलती है कि यह 5000 ईसा पूर्व के आसपास भारतीय उपमहाद्वीप में विकसित हुई थी। इसकी लिपि देवनागरी है। संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित संस्कृत उत्तराखंड राज्य की द्वितीय राजभाषा है। संस्कृत वर्णमाला में 13 स्वर 33 व्यंजन और 4 आयोगवाह ऐसे कुल मिलाकर के 50 वर्ण हैं। स्वर को अच् और व्यंजन को हल् कहते हैं। वाल्मीकि, कालिदास, व्यास, भृर्तहरि, मांस, भवभूति, माघ, जयदेव, अमरू, अश्वघओष, पाणिनि, तुलसीदास, शंकराचार्य, अभिनवगुप्त, बाणभट्ट, वात्स्यायन, दण्डी, वराहमिहिर, चाणक्य, क्षेमेंद्र, सोमदेव, नारायण भट्ट, हेमचंद्र, जयंत भट्ट, जैमिनी और दत्तात्रेय संस्कृत साहित्य के प्रकांड विद्वान माने जाते हैं। स्वामी विवेकानंद ने यह बात कही है कि 'भाषा ही उन्नत्ति का प्रतीक है। संस्कृत ही वह एक मात्र पवित्र भाषा है जिसके अंतस से अन्य भाषाओं का आविर्भाव हुआ है। भाषा शास्त्र में संस्कृत भाषा को एक सार्वभौमिक भाषा तथा सभी यूरोपीय भाषाओं की नींव के रूप में स्वीकार किया गया है।' वास्तव में, संस्कृत में मानव जीवन के लिए उपयोगी चारों पुरुषार्थों धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष का विवेचन बड़े ही विस्तार से किया गया है। वास्तव में प्राचीनता, अविच्छिन्नता, व्यापकता, धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्य तथा कलात्मक दृष्टि से ही नहीं अपितु धर्म व दर्शन के विचारात्मक अध्ययन की दष्टि से भी संस्कृत भाषा का अपना निजी महत्त्व है। आधुनिक भारतीय भाषाएं जैसे- हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, मराठी, सिन्धी, पंजाबी, नेपाली, आदि इसी से उत्पन्न हुई हैं। संस्कृत का समृद्ध इतिहास और परंपरा है। संस्कृत भाषा भारतीय उपमहाद्वीप की एक हिंद-आर्य भाषा है। इसे व्याकरण और वाक्य-विन्यास की अत्यधिक विकसित प्रणाली के साथ प्राचीनतम और सबसे जटिल भाषाओं में से एक माना जाता है। बहरहाल, संस्कृत भाषा के सार्वभौमिक स्वरूप एवं व्यापकता के कारण वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसका महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। संस्कृत ही एक ऐसी एकमात्र भाषा हैं जो क्रमशः अंगुलियों एवं जीभ को लचीला बनाते हैं। संस्कृत अध्ययन करने वाले छात्रों को गणित, विज्ञान एवं अन्य भाषाएँ ग्रहण करने में सहायता मिलती है। अक्सर कहा जाता है कि अरबी भाषा को कंठ से और अंग्रेजी को केवल होंठों से ही बोला जाता है किंतु संस्कृत में वर्णमाला को स्वरों की आवाज के आधार पर कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, पवर्ग, अंतःस्थ और ऊष्म वर्गों में बांटा गया है। संस्कृत के बारे में एक रोचक जानकारी यह भी मिलती है कि कर्नाटक के मट्टुर गाँव में आज भी लोग संस्कृत में ही बोलते हैं। यहां तक कहा गया है कि संस्कृत में बात करने से मानव शरीर का तंत्रिका तंत्र तक सक्रिय रहता है। यहां तक कि यूनेस्को ने भी मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की अपनी सूची में संस्कृत वैदिक जाप को जोड़ने का निर्णय लिया गया है। यूनेस्को ने माना है कि संस्कृत भाषा में वैदिक जप मानव मन, शरीर और आत्मा पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यह याददाश्त बढ़ाती है। संस्कृत की खास बात यह है कि संस्कृत वाक्यों में शब्दों की किसी भी क्रम में रखा जा सकता है।

इससे अर्थ का अनर्थ होने की बहुत कम या कोई भी सम्भावना नहीं होती। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि सभी शब्द विभक्ति और वचन के अनुसार होते हैं। जैसे- अहं गृहं गच्छामि या गच्छामि गृहं अहं दोनों ही ठीक हैं। संस्कृत एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसमें बहुत कम शब्दों में ही वाक्य पूर्ण हो जाते हैं। इस प्रकार संस्कृत भाषा से बड़े वाक्यों को बहुत कम शब्दों में बयां किया जा सकता है।अंत में यही कहूंगा कि संस्कृत का ज्ञान भण्डार दुनिया का एक नायाब और सबसे अमूल्य खजाना है। यह भाषा महान भारतीय परंपरा, यहां की संस्कृति और विचार की सच्ची प्रतीक रही है।

नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 237 वां कार्यक्रम आयोजित

# नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सूचनाएं दें: प्रभारी जागरूकता कार्यक्रम डॉ. अशोक



**सादुलपुर (मदनमोहन आचार्य/ मृदुल पत्रिका)।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख अमिताभ सिंह ढिल्लों साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन साहब के आदेशानुसार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ.अशोक कुमार वर्मा साइकिल पर सवार होकर गाँव-गाँव तक लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हैं। आज वे हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो इकाई कुरुक्षेत्र के साथ राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में पहुंचे। संस्थान की निदेशक डॉ. वनिता आहुजा की उपस्थित में संस्थान में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 237 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षकगण अभय साहनी, रवि शंकर, विवेक शर्मा, सुभाष, ब्यूरो इकाई कुरुक्षेत्र प्रभारी गुरनाम सिंह सहित देश के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। नशे के विरुद्ध अपने वक्तव्य में डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे के प्रारम्भ की स्थिति से लेकर व्यक्ति के जीवन को नष्ट होने तक का पूरा वृतांत विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया। उन्होंने अपनी बात विद्यार्थियों के समक्ष संवाद शैली में रखी जिस पर कुछ विद्यार्थियों ने अनेक प्रश्न किए। विद्यार्थियों के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। उन्होंने विस्तार पूर्वक नशे जैसी बुराई पर कुठाराघात करते हुए कहा कि केवल तम्बाकू उत्पाद से ही विश्व में एक वर्ष में 70 लाख लोगों की मृत्यु हुई है। जबकि भारत में एक वर्ष में मरने वाले 17 लाख लोग थे। उन्होंने बताया कि भारत में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट के अन्तर्गत अफीम चरस हेरोइन स्मैक गांजा भांग कोकीन ब्राउन शुगर नशीली गोलियां नशे के टीके पर प्रतिबंध है।

उन्होंने विद्यार्थियों को 9050891508 पर नशे तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सूचनाएं देने के लिए कहा और जीवन में नशा न करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की निदेशक डॉ. वनिता आहुजा ने ब्यूरो के अधिकारीयों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सकारात्मक कार्यों की ओर लगाएँगे।

## सिधमुख पुलिस ने हरियाणा निर्मित शराब की साठ पेटी सहित बोलेरो गाड़ी जब्त की, एक गिरफ्तार




**सादुलपुर (मृदुल पत्रिका)।** राजगढ़ उपखंड क्षेत्र में सिद्धमुख पुलिस द्वारा हरियाणा निर्मित शराब की 60पेट्टी सहित बोलेरो गाडी जब्त, एक गिरफ्तार सिद्धमुख थानाधिकारी जयकुमार भादू ने बताया की सहायक उपनिरीक्षक रामनारायण के नेतृत्व मे टीम को गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर गाँव धनाऊ की तरफ आ रही है जिसमे हरियाणा निर्मित अवैध शराब भरी हुई है, सहायक उप निरिक्षक मय जाप्ता द्वारा गाँव धनाऊ बस स्टैंड पर पहुँच कर नाकाबन्दी शुरू की।

इसी दौरान बिना नम्बरी बोलेरो गाडी आती दिखी, उसे रोकने का ईसारा किया तो कुछ दुरी पर जा कर गाड़ी को रोका, जब गाड़ी की तलाशी ली तो उसमे हरियाणा निर्मित माल्टा शराब की 60 पेटी एक बीना नम्बर की गाड़ी से बरामद की। और मांगला निवासी बलदेव को गिरफ्तार किया। एक अन्य मुजरिम बुंगी निवासी विकास पुत्र जयसिंह फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है। पूछताछ मे बताया कि हरियाणा से तरस्करी कर गाँव मे बेचना बताया, जुर्म धारा 19/54, 54(क) राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया, इस कार्यवाही मे सहायक उप निरिक्षक रामनारायण, बलवान सिंह, रविन्द्र कुमार, रणवीर सिंह, सुनिल कुमार, बजरंग लाल, को स्टेशन चालक सुमेर सिह की अहम भूमिका रही।

## एम.डी.एस. नर्सिंग कॉलेज में भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



**टोंक (मृदुल पत्रिका)।** सैन्ट सोल्जर शिक्षा समिति टोंक द्वारा संचालित महर्षि दयानन्द सरस्वती नर्सिंग कॉलेज टोंक के तत्वावधान में आयोजित अंगदान महादान थीम पर समस्त नर्सिंग छात्र-छात्राओं के बीच पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रद्धा चांवला बी.एससी. नर्सिंग तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान प्रियंका कुमावत बी.एससी. नर्सिंग द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान फरहीन खांन बी.एससी. नर्सिंग तृतीय वर्ष में प्राप्त किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अफज़ान खांन बी.एससी. नर्सिंग द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान शिलू सोलंकी बी.एससी. नर्सिंग तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान शैलेश विजय बी.एससी. नर्सिंग द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर संस्था सचिव बाबू लाल शर्मा, संस्था निदेशक हितेश शर्मा, कॉलेज प्राचार्य सुधीर पारिक एवं अन्य समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## नगरफोर्ट व देवली उपखंड में जोड़ने पर मोहम्मदगढ़ के लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन



**टोंक (मृदुल पत्रिका)।** जिले के उनियारा मोहम्मदगढ़ ग्राम पंचायत के लोगों ने नगरफोर्ट तहसील व देवली उपखंड में जोडने् पर विरोध प्रदर्शन किया हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए 20 दिनों का अल्टीमेटम दिया हैं। अगर उसके बाद भी मोहम्मदगढ़ पंचायत को उनियारा तहसील व उनियारा उपखंड में नहीं जोड़ा गया तो आगामी विधानसभा चुनावों में मतदान का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करतें हुए कहा कि मोहम्मदगढ़ पंचायत पूर्व में उनियारा तहसील में जुड़ी हुई थीं जिसको 4 माह पहलें नगरफोर्ट तहसील में जोड़ दिया गया। वहीं 6 अगस्त को उनियारा उपखंड से हटाकर देवली उपखंड में जोड दिया गयाएजिससे सभी ग्रामीणों में आक्रोश हैं। मोहम्मदगढ़ पंचायत के गांवों की उनियारा तहसील व उपखंड की दूरी मात्र 10 किमी हैं, जबकि नगरफोर्ट तहसील की 28 किमी व देवली उपखंड की 105 किलोमीटर से अधिक दूरी हैं। ग्रामीणों को छोटे से भी राजस्व कार्य के नगरफोर्ट 28 तो देवली 105 किमी जाना पड़ेगा। अगर उस दिन अधिकारी नहीं मिला तो फिर् दूसरे दिन चक्कर काटना पड़ेगा, जिससे लोगों को समय व आर्थिक नुकसान होगा। ग्रामीणों ने मोहम्मदगढ़ पंचायत को यथावत उनियारा तहसील व उपखंड में जोडने् की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, विधायक, संभागीय आयुक्त आदि को ज्ञापन भेजा हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि जब मोहम्मदगढ़ को नगरफोर्ट तहसील में जोड़ा गया था, तब भी विधायक हरीश चंद्र मीणा को व जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत करवाया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने सर्वसहमति से निर्णय लेते हुए प्रशासन और सरकार को 20 दिनों का अल्टिमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि अगर मोहम्मदगढ़ को यथावत उनियारा तहसील व उपखंड में जोडने् की मांग पुरी नहीं करतें हैं तो आगामी विधानसभा चुनावों में मतदान का पूर्ण बहिष्कार करेंगे।

## जल जीवन मिशन के तहत निकाली जागरूकता रैली

**नगरफोर्ट (मृदुल पत्रिका)।** नगर फोर्ट तहसील क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोवर्धन पुरा ब्लॉक देवली के छात्र-छात्राओं द्वारा 13अगस्त शनिवार को जल जीवन मिशन के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें शनिवार को ढ्रूस ग्राम विकास नवयुग मंडल लापोडिया के सहायक कॉ ऑडीनीटर दुर्गा लाल मीणा ने स्थानीय शाला में जल ही जीवन है विषय पर छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन प्रभारी रिंकू छिपा के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में आयुषी चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, राधिका बंजारा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व शिवानी बेरवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापक आशा जोशी ने बताया कि जल जीवन मिशन जागरूकता रैली शाला परिसर से संपूर्ण ग्राम में रैली निकालते हुए वापस विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस मौके पर आयोजन प्रभारी आशा जोशी व अध्यापिका रिंकू छिपा ने  ने जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के उपरांत विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, इस मौके पर स्कूल स्टाफ, छात्राएं व ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष, एकजुटता का दिया मंत्र

# विकास कार्यों में नहीं रखी जातिगत भावना, सर्वसमाज के सहयोग से प्राथमिकता: जोगिन्दर अवाना

**सम्मेलन में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने किया आह्वान, संगठित कार्यकर्ताओं से पार्टी की नींव मजबूत**



**नदबई (मृदुल पत्रिका/ मनोज बौहरा)।** विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर जातिगत भावना नही रखी। सर्वसमाज के सहयोग व विश्वास को साथ लेकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते हुए विकास कार्यो को प्राथमिकता दी। विकास कार्यो के लिए बजट की कमी नही रही। इसलिए ग्रामीणों को जागरुक होकर विकास कार्यों में राजनीतिक गुटबाजी को दूर करते हुए सहयोग करना होगा। सर्वसमाज व ग्रामीणों के सहयोग से ही विधानसभा क्षेत्र में विगत चालीस साल से हो रही समस्याओं का समाधान करना संभव होगा। ऐसा कहते हुए देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष जोगिन्दर अवाना ने कस्बे में डहरा रोड स्थित निजी मैरिज होम में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लिया। साथ ही संगठित कार्यकर्ताओं को पार्टी मुख्यधुरी बताते हुए पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुटत होकर पार्टी की नीतियों पर चलने का मूलमंत्र दिया। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष का अभिनंदन किया। बाद में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने विधिवत दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारम्भ किया। साथ ही प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को जागरुक होने व जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभान्वित करने का संकल्प दिलाया। समारोह दौरान देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने विगत चार में हुए विकास कार्यो को लेकर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को राजनीतिक गुटबाजी से दूर रहते हुए सहयोग करने को कहा। साथ ही राजनीतिक भावना को नजर अंदाज कर मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता से हरसंभव समाधान करने का आश्वासन दिया। समारोह में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा, कृषि मंडी व्यापार संघ अध्यक्ष शिवदयाल गोयल, दिलीप सिनसिनवार, पार्षद नितिन अग्रवाल, अजय जैन, हरीसिंह बादशाह सैनी आदि मौजूद रहे।

## आखों का लैंस प्रत्यारोपण शिविर 23 अगस्त को लगाया जाएगा



**सादुलपुर (मृदुल पत्रिका)।** राजगढ़ के सुप्रसिद्ध महता अस्पताल में विशाल मेंगाा निः शुल्क आखों के सफेद मोतियां बिन्द का ऑपरेशन लैस प्रत्यारोपण फ्री किया जायेगाा। यह जानकारी राजगढ़ महता मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल निदेशक समाज सेवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश महता ने पत्रकारो को बताया कि 23 अगस्त बुधवार कों आखों का ऑपरेशन महता अस्पताल के आर्थिक सौजन्य से निःशुल्क किया जायेगा। इसी दिन सभी डॉक्टरो की ओपीडी निः शुल्क रहेगी। इस विशाल निःशुल्क शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश शर्मा, कान नाक व गला रोग विशेषज्ञ डॉ दीपक परमार, हड्डी व जोड रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप कुमार, समान्य व गहन रोग विशेषज्ञ डॉ भुवनेश कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेन्द्र, जनरल सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ संजय धनखड़, स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ जैन पूनियां, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ राकेश, सहित नर्सिंग स्टाफ सेवाएं सुबह 9 बजे से 2 बजे तक रहेगी।

## प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य: नीलम पूनियां



**सादुलपुर (मृदुल पत्रिका)।** राजगढ़ शहर की सामाजिक संस्था सौरव एनएसएम यूथ जागृति संस्थान द्वारा स्थानीय शहर के विभिन्न वार्डो में मीठे पानी के टैंकरो से पेयजल वितरण की व्यवस्था की गई सौरव एनएसएम यूथ जागृति संस्थान की अध्यक्ष नीलम पूनियाँ ने बताया कि इस इदक मास यानि द्वितीय श्रावण के महिने में प्यासे को पानी पिलना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है।

इस पेयजल वितरण में शारदा देवी जाखड़, आनन्द आचार्य, सौरभ मोनू, चितरंजन स्वामी, राजकुमारी, शान्ति देवी प्रजापत, पूजा नायक सहित अनेक महिलाओं बच्चों ने सहयोग किया।

## सांसद जौनापुरिया के प्रयासों से टोंक में जल्द ही मिलेगी अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रावास की सौगात



**टोंक (मृदुल पत्रिका)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी  सबका साथ, सबका विकास की भावना से देश के प्रत्येक व्यक्ति व सभी वर्ग व  धर्म के लोगों के लिए बिना किसी भेदभाव के निरंतर विकास कर रहे हैं। उसी क्रम में सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया के प्रयासों से टोंक में जल्द ही अल्पसंख्यक छात्रों को एक आधुनिक व सभी सुविधाओं युक्त छात्रावास हॉस्टल की सौगात मिलने जा रही है। इस भवन का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजना के अंतर्गत जिला मुख्यालय टोंक में राजकीय अल्पसंख्यक छात्रावास स्वीकृत किया गया था।

जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपए की है। इस भवन का निर्माण तालकटोरा क्षेत्र में  कोठी नातमाम स्कूल के पीछे बहुत ही तिव्र गति से चल रहा है और लगभग पूर्ण हो चुका है। इस दो मंजिला भवन में कुल 23 कमरे बनकर तैयार हो गए हैं, जिसमें 18 कमरे छात्रों के रहने के लिए  एक वार्डन कक्ष, दो बड़े हॉल  छात्रों के भोजन के लिए, दो स्टोर रूम, छात्रों की सुविधाओं के लिए 8 लेट बाथरूम, पर्याप्त पानी सप्लाई के लिए बोरिंग व  नल कनेक्शन आदि होंगे।  उक्त छात्रावास में कक्षा 9वी से उच्च स्तर कक्षाओं में  अध्ययनरत छात्र पात्र हैं। छात्रावास में प्रवेशित  छात्रों को आवास, भोजन, पोशाक आदि निःशुल्क एवं गुणवत्ता पूर्वक सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। छात्रावास के भवन निर्माण होने पर बाहर से आकर पढ़ाई करने वाले अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को मुक्त छात्रावास से परिलाभ होगा।  शिक्षा के क्षेत्र में पीएम नरेंद्र मोदी व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया की तरफ  से सबके लिये अनुठा उपहार होगा।

## धारा नगरी नगरफोर्ट में जैन प्रवर्तन रथ का भव्य स्वागत

**नगरफोर्ट (मृदुल पत्रिका)।** नगरफोर्ट तहसील कस्बे में दिगंबर जैन समाज की ओर से अयोध्या में संचालित अयोध्या तीर्थ प्रभावना प्रवर्तन रथ का शनिवार को आगमन हुआ । जैन प्रवर्तन रथ का रविवार को प्रातः जैन समाज ने बैंड बाजे के साथ के साथ पुष्प वर्षा व नृत्य करते हुए भव्य जुलूस निकाला । जुलूस लघु पुष्कर मांडकला से बड़ा बस स्टैंड, मेन बाजार होते हुए 24 महाराज मंदिर पहुँचा, जुलूस का जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया । जैन प्रवर्तन जुलूस को लेकर समाज ने इंद्र - इंद्राणियो की बढ़ चढ़कर बोलियां लगाई जिनमे राजेन्द्र सोनी, लालचंद बंसल, पदम् चंद बंसल, पारस गर्ग, ने बोलिया लगाई । इसके बाद धर्म सभा का आयोजन किया गया । धर्म सभा के आयोजन ज्ञानचंद जैन, मुकेश जैन, अनिल जैन, मनीष जैन सुरेश सोगानी, आनंद जैन, और समाज के गणमान्य लोग व महिलाएं मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक संध्या 14 अगस्त को

**टोंक (मृदुल पत्रिका)।** स्वाधीनता दिवस समारोह 2023 को लेकर 13 अगस्त को आयोजित होने वाली परेड, सामूहिक व्यायाम का अंतिम पूर्वाभ्यास एवं सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम अब 14 अगस्त को पूर्ववत समयानुसार आयोजित किए जाएंगे।

यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. सूरज सिंह नेगी ने दी है।

### प्रदेश के कौने-कौने से और हर समाज वर्ग के लोग जुड़ रहे हैं भाजपा से, प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी भाजपा:अरूण सिंह

# पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, न्यायाधीश, कर्मचारी संघ के नेताओं, भामाशाहों और गुर्जर समाज के दिग्गज नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

**जयपुर (मृदुल पत्रिका)।** भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की सराहना करते हुए आज सेवानिवृत प्रशासनिक, न्यायिक अधिकारियों सहित कर्मचारी नेता और गुर्जर समाज के दिग्गज नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। जिसमें सेवानिवृत न्यायाधीश किशन लाल गुर्जर, पूर्व पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश पवन कुमार जैन, अनिता कटारा, युगवीर पटेल, कृषि निदेशक सुभाष सिंह, अतर सिंह गुर्जर, सुशीला खैरवा, सीएम अशोक गहलोत के पूर्व ओएसडी महेन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक मोतीलाल खरेरा, गोपीचंद गुर्जर, मृदुरेखा चौधरी, प्रोफेसर भरत सिंह, डॉ. दिनेश यादव, कर्मचारी नेता महेश कुमार व्यास और डॉ. किशन लाल मेघवाल, राजगिरी महाराज, विजय सिंह, मिनाथ, राजन राजावत, चाकसू गुर्जर समाज अध्यक्ष रामसहाय रावत, देवकरण सरपंच, राजाराम गुर्जर और भगवान सिंह गुर्जर को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। भाजपा की सदस्यता



ग्रहण करने वाले सभी पूर्व अधिकरी और नेता अजमेर, भरतपुर, अलवर और जयपुर ग्रामीण सहित अन्य स्थानों से ढोल नंगाडो की धुन पर नाचते गाते सैंकडो समर्थकों के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, राष्ट्रीय सचिव डॉ. अल्का गुर्जर सहित ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मौजूद रहे। इस दौरान प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के कौने-कौने से कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों को छोडकर लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। प्रबुद्ध लोगों सहित विभिन्न अधिकारी सभी समाज और वर्गों से लोग कांग्रेस के जंगलराज से आहत हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश के किसानो से वादाखिलाफी की है जिसके चलते 19400 किसानों की जमीनें नीलाम हो गई। किसानों ने कर्ज से तंग आकर आत्महत्या कर ली। महिलाओं के खिलाफ प्रतिदिन 18 दुष्कर्म की घटनाएं और आपराधिक मामलों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। वहीं प्रदेश में महिला दुष्कर्म और महिला उत्पीड़न के मामले लाखों में पहुंच गए। प्रदेश के मुखिया अशोक गहलोत दुष्कर्म की घटनाओं पर कार्रवाई करने के बजाया इन्हे झूंठी बताते हैं। युवा बेरोजगारी में राजस्थान आज देश में सबसे आगे पहुंच गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों का एक ही लक्ष्य है कि गहलोत सरकार को जड से उखाड़ फेंकना और भाजपा की ऐतिहासिक जीत के साथ विजय संकल्प में जुट जाना। राजस्थान में कानून और विकास युक्त सरकार मिले इसके लिए यह लडाई हमारी संयुक्त लडाई है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने संबोधित करते हुए कहा कि ण्छ्ण्क्ण्ण्। के नाम से कहीं की ईंट कहीं का रोडा की धारणा पर कुणबा बढाने वाली पार्टियों का अब कोई अस्तित्व नहीं बचा है। बीते 60 सालों मे जो नहीं हो पाया वह मोदी सरकार ने बीते 9 साल में कर दिखाया। भारत माता का वैभव बढा है, कश्मीर से धारा 370 हटी है। अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रदेश की गहलोत सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते युवा किसान महिला सब पेरशान हैं। प्रदेश का विकास पूरी तरह अवरूद्ध हो गया है। आज जिन लोगों ने भाजपा का दामन थामा है से सभी लोग प्रदेश के मौजूदा माहौल से बेहद व्यथित हैं। इसलिए ये सभी लोग बिना किसी शर्त के प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा से जुड रहे हैं। प्रदेश में दलित अत्याचार चर्म पर है, जमुवारामगढ में सरकार के विधायक दलितों के साथ अनाचार कर रहे हैं। प्रदेश की गूंगी बहरी सरकार अपने नेताओं को बचाने के अलावा कुछ कर नहीं पा रही है। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के कुशासन से प्रदेश का हर वर्ग दुखी है। प्रदेश के सारे बुद्धिजीवी इस बात को मानते हैं कि गहलोत ने जो मिशन 156 का दावा किया है वो पिछली सरकार के समय भी किया था। जिसका हश्र ये हुआ कि पूरी कांग्रेस 21 शीटों पर सिमट गई। आज हमारी महिलाएं सवाल खड़ा कर रही है महिला सुरक्षा के बारे में मुख्यमंत्री कब ध्यान देंगे। महिलाएं कह रही हैं कि हमें स्मार्ट फोन नहीं चाहिए हमें सुरक्षा चाहिए। हर दिन निर्भया कांड कहीं भ्रष्टाचार का तांडव हो रहा है। पेपर लीक से नौजवान परेशान है किसानों की नीलामी से किसान परेशान है। किसानों के साथ में दगा किया गया। आज बडी संख्या में साथी भाजपा में शामिल हुए हैं, जिस समाज ने पिछली सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई थी सभी का भाजपा परिवार स्वागत करता है।

## फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री शाखा झुंझुनूं की बैठक में लिए कई निर्णय



**झुंझुनूं ( मृदुल पत्रिका )।** फोर्टी शाखा झुंझुनूं की बैठक खाना खजाना रेस्टोरेंट स्टेशन रोड पर 11 अगस्त शनिवार सायंकाल 6 बजे आयोजित की गई। सभा में अध्यक्ष श्रवण केजडीवाल द्वारा शाखा गठन के बारे में जानकारी देते हुए सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया गया कि फोर्टी की स्थापना 1965 में राजस्थान राज्य के भीतर उधोग, व्यवसाय और व्यापार का समर्थन करने के लिए की गई थी, जिससे व्यापार की दुनिया में एक बड़ा बदलाव लाने के लिए परिवर्तन और नवाचार को बढ़ावा देने वाली बातचीत की सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि फोर्टी एक बड़ा संगठन है जो एकजुट रहता है। यह राजस्थान के हर एक जिले में शाखाओं वाला एक लगातार बढ़ता हुआ संगठन है जो व्यवसायों और व्यापार के सुचारू संचालन की परवाह करता है। साथ मिलकर, व्यापारियों और व्यापारियों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान करता हैं और एक सकारात्मक बदलाव लाने दिशा में संकल्पित हैं।

सभा में शाखा विस्तार हेतु नए सदस्यों को जोड़ने एवं आजीवन सदस्य तथा संरक्षक सदस्य बनाए जाने पर सहमति बनी जिस में उपस्थित सदस्यों में संरक्षक सदस्य के लिए पवन गाड़िया, गणेश हलवाई चिड़ावा वाला, अमित टीबड़ा, सुभाष चंद्र गुप्ता, डॉक्टर उमर कुरेशी, सुरेंद्र केडिया, सीए पवन केडिया, एडवोकेट श्रवण केजडीवाल, आजीवन सदस्य के लिए अनिल गुप्ता भौड़कीवाला, कैलाश चंद सिंघानिया, राधेश्याम मोरवाल, अशोक सोनी, नवीन छापड़िया, नरेंद्र व्यास एवं परमेश्वर हलवाई ने स्वीकृति दी।

संस्था अध्यक्ष श्रवण केजरीवाल ने बताया कि डॉक्टर डीएन तुलस्यान तथा प्रमोद खंडेलिया पहले से ही जयपुर फोर्टी के आजीवन सदस्य हैं। सभा में आगामी माह सितंबर में संस्था कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किए जाने पर निर्णय किया गया जिसके लिए जयपुर पदाधिकारियों को बुलाने हेतु उनसे संपर्क करने की सहमति बनी। सभा का समापन सचिव सीए पवन केडिया द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

### जीवन के नए अध्याय में खिलखिलाए कैंसर सर्वाइवर्स के चेहरे

# नारायणा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल जयपुर में मुंह और गले के कैंसर से उबरे मरीजों के लिए आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**जयपुर (मृदुल पत्रिका)।** नारायणा मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, जयपुर ने मुंह व गले के कैंसर की जंग जीत चुके मरीजों के लिए ÷नए अध्याय÷ नामक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में, डॉ. दीपांशु गुरनानी, ईएनटी एक्सपर्ट एवं हेड-नेक सर्जन, डॉ. रोहित स्वामी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी और डॉ. पूनम गोयल, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञों ने नई तकनीकों और रोकथाम पर चर्चा की। मुंह व गले के कैंसर से जीत चुके मरीजों के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में सर्वाइवर्स ने सभी को इस बीमारी से न घबराने की सलाह दी, अपने अनुभव भी साझा किए और डॉक्टर्स को सफल इलाज के लिए धन्यवाद भी दिया। इस कार्यक्रम में मरीजों ने यह दिखाने




के लिए गाने गाए कि वे कितनी अच्छी तरह ठीक हो चुके हैं, कुछ मरीजों ने डांस भी किया और कविताएं भी सुनाई। इस दौरान ईएनटी एक्सपर्ट एवं हेड नेक सर्जन डॉ. दीपांशु गुरनानी ने बताया कि देश में हर साल मुंह व गले के कैंसर के दो लाख से अधिक नए मामले सामने आते हैं जिसमें से सिर्फ 60 हजार लोग समय पर सही इलाज कराते हैं, बाकी मरीज या तो अपना इलाज नहीं कराते या एडवांस स्टेज पर पहुंचने के बाद ही उन्हें बीमारी का पता लगता है। कैंसर नाम से घबराने की नहीं बल्कि जागरूक रहने की आवश्यकता है। ऐसा नहीं है कि कैंसर हुआ तो जीवन खत्म। अब नई तकनीकों, दवाओं और एक्सपर्टीज से इसका इलाज आसान हो गया है। बस जरूरत है कि मरीज अपने लक्षणों के प्रति जागरूक रहे और जल्द से जल्द इसे डायग्नोज करवाकर इसका इलाज करवाए। डॉ. रोहित स्वामी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी ने बताया कि ओरल कैंसर सबसे ज्यादा फैलने वाले कैंसर्स में से एक है क्योंकि आजकल के लोग तम्बाकू और सिगरेट का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं। कार्यक्रम में नारायणा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, जयपुर के क्लिनिकल डायरेक्टर, डॉ. प्रदीप कुमार गोयल एवं फैसिलिटी डायरेक्टर बलविंदर सिंह वालिया ने भी मरीजों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए उपलब्ध सभी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

## यूकोरी द्वारा उद्योगों पर लगे स्पेशल फ्यूल सरचार्ज का भारी विरोध, उद्योगों को भी मिले मुक्ति

**जयपुर (मृदुल पत्रिका)।** राजस्थान के सभी औद्योगिक संगठनों ने स्पेशल फ्यूल सरचार्ज का कड़ा विरोध जताया। उद्योगों का शीर्ष संगठन यूनाइटेड काउंसिल ऑफ राजस्थान इंडस्ट्रीज (यूकोरी) एवं विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष ताराचंद चौधरी ने बताया कि घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं पर फ्यूल सरचार्ज समाप्ति के बाद उद्योगों को भी इससे मुक्त करने की मांग राजस्थान के समस्त उद्योग जगत ने उठाई है। फ्यूल सरचार्ज के विरोध में सरकार को चेताने के लिए पूरे राजस्थान में 28 मई 2023 को 1 दिन का सांकेतिक उद्योग बंद भी रखा गया था। चौधरी ने बताया कि दूसरे राज्यों से बिजली महंगी होने के कारण उद्योगों को चलाना मुश्किल होता जा रहा है ऐसे में वितरण निगमो ने फ्यूल सरचार्ज 45 पैसे + स्पेशल फ्यूल सरचार्ज 7 पैसे = 52 पैसे प्रति यूनिट लगाया गया है इससे उद्योगों की लागत और बढ़ गई है जो सहन करने योग्य नहीं है।



निलेश अग्रवाल, महासचिव यूकोरी ने बताया कि सरकार को सरचार्ज वापस लेना ही था तो व्यवसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को भी फ्यूल सरचार्ज से मुक्त करना चाहिए था। महीने के प्रत्येक गुरुवार को सांय 7:00 से सुबह 5:00 बजे तक उद्योगों पर पावर कट हो रहा है, इससे उद्योगों को भारी नुकसान हो रहा है उसे तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए। सभी उद्यमियों में फ्यूल सरचार्ज का भारी विरोध है। फ्यूल सरचार्ज 15 दिन में खत्म कर दिया जाए वरना व्यवसायिक व औद्योगिक उपभोक्ताओं के संगठनों की कॉमन मीटिंग में आगे की रूपरेखा का निर्णय लिया जावेगा।

## नर्सेज के नियम विरुद्ध डेपुटेशन करने पर आयुष नर्सेज महासंघ ने जताया एतराज

**प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने राज्यादेश की पालना कराने के लिये निदेशक व समस्त अतिरिक्त निदेशक - सम्भाग को लिखा पत्र**

**जयपुर ( मृदुल पत्रिका )।** आयुर्वेद विभाग अजमेर के अधीन संचालित जिला उपनिदेशक व अतिरिक्त निदेशक - संभाग द्वारा नर्सेज के नियमों के विरुद्ध किये जा रहे डेपुटेशन को लेकर अखिल राजस्थान राज्य आयुष नर्सेज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष छीतर मल सैनी ने कड़ा एतराज जताया है।महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने शनिवार को विभाग के निदेशक डॉ आनंद कुमार शर्मा तथा सभी संभाग के अतिरिक्त निदेशक को अलग-अलग पत्र भेजकर जिलों में अब तक नर्सेज के नियम विरुद्ध किये गये सभी डेपुटेशन को अविलम्ब निरस्त कर राज्यादेश की पालना सुनिश्चित करने की पुनः मांग दोहराई है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने कहा कि 20 अगस्त 2020 को राज्य सरकार द्वारा एक आदेश जारी कर आयुर्वेद विभाग में ऐसे औषधालय जहाँ चिकित्सक व नर्स/ कम्पाउंडर का पद रिक्त है, वहां सप्ताह में दो दिवस निकटतम औषधालय से प्रथमतः चिकित्सक को लगाने व चिकित्सक उपलब्ध नहीं होने पर ही नर्सिंग कर्मी को कार्यव्यस्थार्थ लगाने के आदेश जारी किये थे जिसकी जयपुर अ एवं ब उपनिदेशक सहित लगभग सभी उपनिदेशक द्वारा पालना नहीं की जा रही है जिसके चलते समस्त आयुर्वेद नर्सेज में गहरा आक्रोश पनप रहा है।

## यातायात नियमों से रूबरू हुए विद्यार्थी, तेजा गायन आयोजित



**रियांबड़ी (मृदुल पत्रिका)।** शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को नो बैग डे पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार जीवन है अनमोल कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी देने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रमिला मीणा ने की वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनियुक्त रिया बड़ी थाना अधिकारी भंवरलाल चौधरी रहे । वशिष्ठ अतिथि पूर्व प्रिंसिपल जरीफ मोहम्मद पठान व विशिष्ट अतिथि सहायक विकास अधिकारी धर्मेंद्र गिल सहित सभी मंचासीन अतिथियों का राजस्थानी परम्परानुसार माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए अतिथियों सहित प्रधानाचार्य ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्जित कर दीप प्रज्वलित करने के साथ की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिया बड़ी थाना अधिकारी भंवरलाल चौधरी ने छात्र-छात्राओं को ÷जीवन है अनमोल÷ के तहत यातायात नियमों की जानकारियां दी और कानून के बारे में विस्तार पूर्वक बताया । इसी विषय पर पूर्व प्रिंसिपल पठान व सहायक विकास अधिकारी धर्मेंद्र गिल ने भी संबोधित करते हुए जान है तो जहान है की थीम पर उद्धबोधन देते हुए विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक बातें बताई। थानाधिकारी चौधरी ने विस्तार पूर्वक यातायात नियमों की पालना करने का संकल्प दिलाया व अवहेलना करने पर जुर्माना वसूल ने सहित अन्य नियम बताएं । इस दौरान पूर्व प्रिंसिपल पठान ने तेजा गायन की प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी अतिथियों एवं विद्यालय स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं को मंत्र मुग्ध करते हुए तेजा जी के जीवन व वचन बाध्यता का चित्रण करते हुए भाव विभोर किया। इसी कार्यक्रम में पुस्तकालय अध्यक्ष शिवजी राम बेरवाल द्वारा पुस्तकालय दिवस के रूप में मनाते हुए है छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों जिसमें निबंध , भाषण, चार्ट, चित्र कला प्रतियोगिता में भाग लिया। स्टाफ सचिव बेरवाल ने कहा कि पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ एस आर रंगनाथन सप्ताह का आयोजन के रूप में मनाते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की बात कही । बेरवाल द्वारा रंगनाथन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी को उनसे प्रेरणा लेने की अपील की गई। इस अवसर पर रामनिवास फ़रोडा, उप प्राचार्य मनोहर लाल बावरी, शंकर लाल जांगिड़, व्याख्याता गेन्दूद्दीन, नंद कुमार गौड़, रवि कुमार व्याख्याता रूपा राम चौधरी, रमेश चंद बघेरिया, भिंयाराम, सुगनाराम, बरकत अली, सलीमुद्दीन चौहान, दीपक पाराशर, राजेंद्र टेलर, जीत कंवर सहित स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

### मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलपति की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

**जयपुर (मृदुल पत्रिका)।** राज्यपाल कलराज मिश्र से शनिवार को राजभवन में मोहन लाल सुखाड़िया विश्व विद्यालय, उदयपुर की नवनियुक्त कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने मुलाकात की।

नियुक्ति के बाद राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेट थी।



## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**जयपुर (मृदुल पत्रिका)।** एस. एस. जी. पारीक पीजी महिला महाविद्यालय जयपुर ,में रेड रिबन क्लब के अन्तर्गत 'अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस' पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विजयलक्ष्मी पारीक ने युवा दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि युवाओं के समक्ष कई तरह की समस्याएं और मुद्दे आते हैं उनके प्रति जागरूक रहते हुए उन्हें अपनी क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए, क्योंकि युवाओं का शिक्षित और स्वस्थ होना देश की




तरक्की के लिए आवश्यक है। इस कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं को युवाओं के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए रेड रिबन क्लब के अधिकारियों डॉ. रितु शर्मा, डॉ. राज्य तिवारी, डॉ. अनामिका वर्मा द्वारा शपथ दिलाई गई। साथ ही एन एस एस और आर आर सी के कार्यकर्ताओं ने राजस्थान युवा बोर्ड, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित युवा संकल्प राजस्थान की नवीन युवा नीति कार्यक्रम में भी भागीदारी निभाई गई।


# स्टार हॉस्पिटल ने स्वाधीनता दिवस पर दुर्गापुरा राजकीय स्कूल में श्रमदान कर बांटे 500 पौधे व तिरंगे

**जयपुर (मृदुल पत्रिका)।** दुर्गापुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में डॉक्टर राकेश के दावत एवं स्टार सोशल ग्रुप के सदस्यों ने स्कूल प्रांगण में श्रमदान कर पार्क में सफाई की एवं पर्यावरण जागृत रैली निकालकर स्कूल के बच्चों को पौधे एवं तिरंगे बांटे दुर्गापुर राजकीय स्कूल में जिसमें डॉक्टर राकेश के दावत ने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की. आज स्टार हॉस्पिटल द्वारा चलाए जा रहे स्वस्थ जयपुर ग्रीन जयपुर स्वच्छ जयपुर एवं डेंगू मुक्त जयपुर अभियान की 16 वा शिविर दुर्गापुरा राजकीय स्कूल में लगाया गया जहां वहां की प्राचार्य प्रमिला जी के नेतृत्व में स्वास्थ्य जागृति एवं पर्यावरण संरक्षण रैली का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में भामाशाहों का एवं शिक्षकों का सम्मान किया गया एवं स्कूल में



प्रथम व द्वितीय स्थान पर आए हुए विद्यार्थियों को डॉक्टर रेखा के दावत की तरफ से उपहार भेंट किए गए. कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों शिक्षकों को एक-एक पौधा व 1 तिरंगा स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं देकर भेंट किया गया. इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य प्रमिला ने डॉ राकेश के दावत को साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया, एवं स्टार सोशल ग्रुप के मदन शर्मा मीना शर्मा एवं सब का आभार व्यक्त किया उन्होंने आकर आज स्कूल में बच्चों के साथ स्वाधीनता दिवस का जो जोश के साथ में आयोजन किया गया वह प्रशंसनीय है डॉ राकेश के दावत ने अपने स्कूल में पढ़ रहे आज के छात्रों को स्वास्थ्य गारंटी कार्ड वितरित किया गया जिसमें स्कूल के छात्रों को स्टार हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क चिकित्सा परामर्श उपलब्ध रहेगी. एवं मलेरिया वडेंगू से बचने के उपाय बताए गए।कार्यक्रम में भामाशाह ने अपने विचार व्यक्त किए डॉ के दावत के कार्यों की प्रशंसा की. वरिष्ठ अध्यापक देवेंद्र ने सभी का आभार व्यक्त किया. एवं भविष्य में स्कूल को डिवेलप करने के लिए भामाशाह को आमंत्रित किया के आओ हम सब मिलकर राजकीय स्कूलों को और सुंदर बनाएं इसमें पढ़ रही बच्चों का भविष्य सुधारे. सभी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की. आगामी 14 अगस्त को प्रातः 7:00 बजे तारकेश्वर शिव मंदिर के सामने तिरंगा उत्सव का आयोजन किया जाएगा जिस में शिव जी के मंदिर में आए हुए भक्तों को एक-एक तिरंगा है एक-एक पौधा निशुल्क भेंट किया जाएगा।

एवं 15 अगस्त को प्रातः 8:00 बजे वसुंधरा कुटुंब रेजीडेंसी मे स्वादिनता उपलक्ष में भव्य स्वाधीनता दिवस के कार्यक्रम का आयोजन होगा अब तक डॉ राकेश के रावत ने 1 माह में 10000 से ज्यादा पौधे जयपुर में वितरित किए कर चुके हैं एवं 16 से ज्यादा स्कूलों में स्वास्थ्य जागृति कार्यक्रम का आयोजन कर चुके है।




# सनी देओल ने बिना हैंडपंप उखाड़े ही पाकिस्तान में मचा दिया गदर, मजा आ जाएगा

सनी देओल की फिल्म गदर 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है. फिल्म देखने का प्लान बना रहे हैं तो पहले जान लीजिए इसका रिव्यू.

गदर में सनी देओल ने पाकिस्तान ने जो हैंडपंप उखाड़ा था उसे पाकिस्तान आज तक ढूंढ रहा है. इस बार सनी हैंडपंप उखाड़ते नहीं है बस देखते हैं और पाकिस्तानी दुश्मनों के पसीने छूट जाते हैं. गदर एक इमोशन है और गदर 2 देखते हुए ये बात अच्छे से महसूस होती है. जब तारा सिंह पाकिस्तान में दुश्मनों का बैंड बजाता है और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाता है तो पूरा थिएटर तालियों से गूंज उठता है. इस फिल्म को गदर नाम के इमोशन के लिए ही देख डालिए.

**कहानी**

ये कहानी गदर से आगे बढ़ती है. तारा सिंह और सकीना का बेटा बड़ा हो गया है और हीरो बनना चाहता है. इसी बीच आर्मी को बॉर्डर पर दुश्मनों से भिड़ने के दौरान तारा सिंह की जरूरत पड़ती है और इस लड़ाई में तारा गायब हो जाता है. परिवार को लगता है कि तारा पाकिस्तान में बंद है. बेटा पाकिस्तान पहुंच जाता है और फिर बेटे को बचाने तारा पाकिस्तान आता है. कहानी ट्रेलर से ही समझ आ गई थी लेकिन यहां आप फिल्म इसलिए देखते हैं कि तारा गदर मचाता कैसे है.

**एक्टिंग**

सनी देओल एक एक फ्रेम में छाए हुए हैं. उन्हें देखते ही तालियां बजती हैं, सीटियां बजती हैं. उनका अंदाज वैसा ही है जैसा 22 साल पहले था. सनी की स्क्रीन प्रेजेंस और डायलॉग डिलीवरी जबरदस्त लगती है. सनी जब हिंदुस्तान जिंदाबाद बोलते हैं तो पूरा थिएटर हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाता है. अमीषा पटेल बहुत प्यारी लगी है. उन्होंने एक्टिंग भी अच्छी की है. उन्हें देखकर लगा ही नहीं कि उनकी उम्र में 22 साल का फासला आया है. उत्कर्ष शर्मा अच्छे हैं लेकिन अभी उन्हें काफी कुछ सीखना है. सनी देओल को सामने टिकना बहुत बड़ी बता है और अभी उन्हें लंबा सफर तय करना है. सिमरत कौर अच्छी लगी हैं लेकिन उनके लिए भी अभी सफर लंबा है. विलेन के तौर पर मनीष वाधवा ने जबरदस्त काम किया है. पाकिस्तानी जनरल के किरदार को उन्होंने जिस तरह से निभाया है उन्हें देखकर लगता है कि अमरीश पुरी के बाद अगर कोई इस किरदार को निभा सकता था तो वो वही हैं. उनकी स्क्रीन प्रेजेंस से लेकर डायलॉग डिलीवरी सब कमाल है.

**कैसी है फिल्म**

ये फिल्म एक इमोशन है. फिल्म सकीना और तारा सिंह से शुरू होती है. तारा सिंह जैसे ही मैडम जी बोलते हैं आप 22 साल पीछे चले जाते हैं. तारा और सकीना की केमिस्ट्री बहुत प्यारी लगती है. फर्स्ट हाफ में सनी के बेटे की प्रेम कहानी भी काफी दिखाई गई है और ये कहीं ना कहीं थोड़ी खलती है क्योंकि गदर मतलब तारा सिंह और सकीना तो फर्स्ट हाफ थोड़ा लंबा लगता है लेकिन सेकेंड हाफ में जब तारा पाकिस्तान जाता है और वहां गदर मचाता है तो बस मजा आ जाता है.

# ओएमजी 2 रिव्यू : अक्षय कुमार-पंकज त्रिपाठी की ये फिल्म शानदार है, एडल्ट एजुकेशन पर बनी शानदार फिल्मों में से एक




क्या बच्चों को सेक्स एजुकेशन दी जानी चाहिए, क्या सेक्स पर बात करना गंदी बात है. इस मुद्दे पर बनी ह्रस्ल 2 एक जबरदस्त फिल्म है. बहुत वक्त बाद कोई ऐसी फिल्म देखी जिसमें कोई कमी नहीं दिखी. जिसकी राइटिंग कमाल की लगी. जिसमे कई ऐसे सीन आए जहां थिएटर तालियों से गूंज उठा.

**कहानी**

ये कहानी है शिव के भक्त कांति शरण मुदगल यानि पंकज त्रिपाठी की जिनके बेटे को स्कूल से निकाल दिया जाता है क्योंकि स्कूल के मुताबिक वो एक ऐसी हरकत कर देता है जो सही नहीं है. इसके बाद पंकज त्रिपाठी का परिवार बदनामी की वजह से शहर छोड़कर जाना चाहता है लेकिन शिव के दूत बने अक्षय कुमार उन्हें रोक लेते हैं. फिर पंकज स्कूल पर कोर्ट केस कर देते हैं उनकी मांग होती है कि स्कूलों में सेक्स एजुकेशन दी जाए और उनके बेटे को स्कूल में वापस लिया जाए. स्कूलों में सेक्स एजुकेशन की जरूरत को बताती ये कहानी शानदार तरीके से कही गई है.


**एक्टिंग**

शिव के दूत के रूप में अक्षय कुमार जबरदस्त लगे हैं. अक्षय का रोल फिल्म में कम है और यही उनकी रोल की खासियत है. वो वहां आते हैं जहां जरूरत है लेकिन जब आते हैं तो छा जाते हैं. उनकी स्क्रीन प्रेजेंस जबरदस्त है. पंकज त्रिपाठी ने कांति शरण के किरदार में जान डाल दी है. उनकी एक्टिंग इतनी परफेक्ट है कि आप कहीं कमी ढूंढ ही नहीं पाएंगे. वकील के किरदार में यामी गौतम शानदार हैं. जज के किरदार में पवन मल्होत्रा ने शानदार एक्टिंग की है. पंकज त्रिपाठी के पत्नी और बच्चों के किरदार निभाने वाले कलाकारों ने भी काफी अच्छा काम किया है.

**कैसी है फिल्म**

ये फिल्म शानदार है, पहले सीन से ये फिल्म आपको बांध लेती है और सही पेस से आगे बढ़ती है. एक भी सीन ऐसा नहीं आता जहां आप एंटरटेन ना हों. एक के बाद एक ऐसे सीन आते हैं जहां आप तालियां बजाते हैं. कोर्ट के सीन शानदार हैं बीच बीट में कॉमिक पंच डाले गए हैं. जो हंसाते भी हैं और कहीं ना कहीं समाज के बनाए गलत तौर तरीकों पर चोट भी करते हैं. ये फिल्म आपको बहुत कुछ देती है. इस फिल्म को ए सर्टिफिकेट दिया गया है लेकिन फिल्म बच्चों की सेक्स एजुकेशन पर है और आपको फिल्म देखते हुए लगता है कि बच्चों को ये फिल्म जरूर देखनी चाहिए. फिल्म में अक्षय यो शिव के दूत के रूप में दिखाया गया है. जिससे किसी तरह का कोई विवाद ना हो. जहां उन्हें शिव के गेटअप में दिखाया गया है उसे भी जस्टिफाई किया गया है.

# दिशा पाटनी के बाद अब दिशा धानुका के साथ रिलेशनशिप में हैं टाइगर श्रॉफ! एक्टर ने तोड़ी चुप्पी



**टाइगर श्रॉफ की दिशा धानुका से डेटिंग की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन इसी बीच अब टाइगर ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है.**

दिशा पटानी और टाइगर श्रॉफ के रिलेशनशिप के कभी खूब चर्चे हुआ करते थे. वहीं उनके ब्रेकअप की खबरों ने भी खूब सुर्खियां बटोरीं. हालांकि दोनों ने कभी खुलेआम इस रिश्ते को स्वीकार नहीं किया. अब ब्रेकअप के एक साल बाद टाइगर का नाम फिर दिशा से जुड़ने लगा है, लेकिन ये दिशा पटानी नहीं दिशा धानुका हैं. खबरे हैं कि टाइगर श्रॉफ अब दिशा धानुका को डेट कर रहे हैं. इसपर अब टाइगर श्रॉफ ने अपनी चुप्पी तोड़ी है और दिशा से डेटिंग को लेकर खुलासा किया है.

## टाइगर की फिटनेस का भी ख्याल रखती हैं दिशा धानुका

बॉम्बे टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर श्रॉफ इन दिनों दिशा धानुका को डेट कर रहे हैं. एंटरटेनमेंट पोर्टल का दावा है कि वो एक प्रोडक्शन हाउस में काफी अच्छी पोजिशन पर काम करती हैं और अक्सर टाइगर को सही स्क्रिप्ट ढूंढने में मदद करती हैं. कथित तौर पर, दिशा पटानी से अलग होने के बाद टाइगर ने दिशा को डेट करना शुरू कर दिया था. पोर्टल ने सूत्र के हवाले से दावा किया, 'वो लगभग डेढ़ साल से एक-दूसरे से मिल रहे हैं. दिशा अक्सर उन्हें स्क्रिप्ट के बारे में सुझाव देती हैं, साथ ही उन्होंने उनकी फिटनेस की जिम्मेदारी भी संभाली है. टाइगर का परिवार भी दिशा को पसंद करता है. हर कोई उनके रिश्ते से अच्छी तरह वाकिफ है.'

## टाइगर ने कही ये बात

टाइगर श्रॉफ से जब इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वो सिंगल हैं. ई टाइम्स के साथ बातचीत में टाइगर ने कहा, 'कुछ महीने पहले मैंने सोचा था कि मेरा किसी और से रिश्ता जुड़ गया है, लेकिन नहीं, मैं पिछले दो साल से अकेला हूं.'

बता दें इसी बीच दिशा पटानी के उनके जिम पार्टनर को डेट करने की खबरें सामने आ रही हैं. हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था जिसमें दिशा अपनी फ्रेंड को अलेक्जेंडर से बॉयफ्रेंड कहकर इंट्रोड्यूज कराती नजर आ रही थीं.

# डॉन 3 में रणवीर सिंह के अपोजिट नजर आएंगी कियारा

## फिल्म की घोषणा के बीच एक्ट्रेस ने एक्सेल कार्यालय का किया दौरा



8 अगस्त को फरहान अख्तर ने 'डॉन 3' की घोषणा कर सभी को चौंका दिया था। उनकी आधिकारिक घोषणा पर इंटरनेट पर मिली-जुली प्रतिक्रिया हुई। इंटरनेट पर फिल्म में सुपरस्टार की जगह रणवीर सिंह की खबरें आने से शाहरुख खान के कई प्रशंसक परेशान दिखे। इसके तुरंत बाद फरहान ने एक आधिकारिक बयान जारी किया जहां उन्होंने घोषणा की कि %डॉन% की विरासत को अब एक नया अभिनेता आगे बढ़ाएगा। जबकि यह मुख्य अभिनेता के बारे में है, फिल्म की मुख्य महिला को लेकर कई अटकलें लगाई गई हैं। चर्चा के बीच कियारा आडवाणी को मुंबई में फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के एक्सेल एंटरटेनमेंट कार्यालय के बाहर देखा गया।

शाहरुख खान के बाद एक नया अभिनेता 'डॉन' की कमान संभालेगा, हम यह भी सोच रहे हैं कि फिल्म में मुख्य महिला कौन है। ट्विटर पर जोरदार चर्चा के बीच, कियारा आडवाणी को 8 अगस्त को फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के एक्सेल एंटरटेनमेंट ऑफिस का दौरा करते हुए देखा गया। जब रितेश उन्हें छोड़ने उनके कार्यालय के गेट पर आए तो अभिनेत्री ने उनकी ओर हाथ हिलाया।

## 'डॉन 3' में शाहरुख की जगह लिए जाने पर फरहान ने क्या कहा?

फरहान अख्तर ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक आधिकारिक नोट साझा किया, जहां उन्होंने 'डॉन' की दो किस्तों में शाहरुख खान के साथ काम करने के बारे में बात की। उन्होंने आगे बताया कि 'डॉन 3' में सुपरस्टार की जगह एक नया अभिनेता लेगा। उनके नोट में लिखा है, '1978 में सलीम-जावेद द्वारा निर्मित और श्री अमिताभ बच्चन द्वारा सहजता से चित्रित एक चरित्र ने देश भर के थिएटर दर्शकों की कल्पना पर कब्जा कर लिया। वह रहस्यमय चरित्र डॉन था। 2006 में डॉन की फिर से कल्पना की गई और उसे लाया गया। शाहरुख खान द्वारा अपने अनूठे आकर्षक तरीके से जीवन। डॉन की व्यंग्यात्मक बुद्धि से लेकर उसके शांत लेकिन खतरनाक क्रोध तक, शाहरुख ने उनके व्यक्तित्व को मूर्त रूप दिया। लेखक और निर्देशक के रूप में, मैंने उनके साथ एक नहीं बल्कि दो, 'डॉन' फिल्में बनाने में बहुत अच्छा समय बिताया। शाहरुख और दोनों अनुभव मेरे दिल के बहुत करीब हैं।' अभिनेता ने आगे कहा, 'अब डॉन की विरासत को आगे ले जाने का समय आ गया है और इस नई व्याख्या में हमारे साथ एक ऐसा अभिनेता जुड़ेगा जिसकी प्रतिभा और बहुमुखी प्रतिभा की मैं लंबे समय से प्रशंसा करता रहा हूं। हमें उम्मीद है कि आप उसे अपना प्यार दिखाएंगे।' मिस्टर बच्चन और शाहरुख खान को शालीनता और उदारता से दिखाया गया। 2025 में डॉन का एक नया युग शुरू होगा। इस स्थान को देखें।'

# रजनीकांत की एक्शन फिल्म ने 2023 में तमिल सिनेमा में सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड बनाया




रजनीकांत, जैकी श्रॉफ और शिवा राजकुमार अभिनीत जेलर 10 अगस्त को सिल्वर स्क्रीन पर आई। एक बार फिर रजनीकांत भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक साबित हुए। एक्शन-थ्रिलर, जेलर, 10 अगस्त को सिल्वर स्क्रीन पर आई और इस साल तमिल सिनेमा में सबसे बड़ी कमाई वाली ओपनिंग दर्ज की गई। नेल्सन दिलीपकुमार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शिवा राजकुमार, जैकी श्रॉफ, मिरना मेनन, मोहनलाल, वसंत रवि, विनायकन और तमन्ना भाटिया भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, जेलर ने भारत में सभी भाषाओं के लिए लगभग 44.50 करोड़ रुपये कमाए और कुल कमाई 50 करोड़ रुपये को पार कर गई। इसे केरल और तमिलनाडु में 2023 की सबसे बड़ी ओपनिंग कहा जा रहा है और इसे तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

## जेलर का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन-

**तमिलनाडु :** 23 करोड़ रुपये
**कर्नाटक :** 11 करोड़ रुपये
**केरल :** 5 करोड़ रुपये
**एपी-टीजी :** 10 करोड़ रुपये
**अन्य राज्य :** 3 करोड़ रुपये

व्यापार विशेषज्ञ रमेश बाला ने ट्विटर पर घोषणा की कि जेलर प्रीमियर और पहले दिन के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। हालांकि, उन्होंने उल्लेख किया कि डेटा अभी तक अंतिम नहीं है।

इसकी रिलीज से पहले, चेन्नई और बेंगलुरु के कार्यालयों ने 10 अगस्त को छुट्टी की घोषणा की और इसके अलावा अपने कर्मचारियों को मुफ्त टिकट भी दिए। एक कार्यालय नोटिस वायरल हुआ जिसमें उल्लेख किया गया था कि यह ऑफर बेंगलुरु, चेन्नई, त्रिची, तिरुनेलवेली, चेंगलपट्टू, मथुथवानी, अरापालयम और अलगप्पन नगर में इसकी शाखाओं पर लागू है।

जेलर दो साल बाद सिल्वर स्क्रीन पर रजनीकांत की वापसी का प्रतीक है। फिल्म में जैकी श्रॉफ नायक की भूमिका में हैं और यह एक सख्त जेलर के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक अपराधी को भागने से रोकने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। फिल्म ने मणिरत्नम की पोन्नियिन सेलवन को पीछे छोड़ दिया और दुनिया भर में अग्रिम बुकिंग में 500,000 का आंकड़ा पार कर लिया।

# आगामी रिलीज 'नॉन स्टॉप धमाल' से पहले, वेरोनिका वानीज ने स्वतंत्रता दिवस के लिए अपनी योजनाओं का खुलासा किया



अभिनेत्री वेरोनिका वनिज इस समय काफी खुश हैं। प्रतिभाशाली कलाकार फिलहाल बेहद उत्साहित हैं और अपनी आगामी फिल्म %नॉन स्टॉप धमाल% की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म पूरी तरह से एक 'आउट एंड आउट' कॉमेडी मनोरंजक फिल्म है तो हंसी के मैराथन के लिए तैयार हो जाइए। वेरोनिका ने फिल्म में राजपाल यादव, श्रेयस तलपड़े, मनोज जोशी, असरानी, अन्नू कपूर, इत्यादि जैसे कई बहुमुखी अभिनेताओं के साथ मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म का ट्रेलर 3 अगस्त को जारी किया गया था और वेरोनिका को इसके लिए पहले से ही काफी प्रशंसाएं मिल रही हैं।

18 अगस्त वास्तव में वेरोनिका के लिए एक विशेष दिन है क्योंकि उनकी फिल्म इस दिन दर्शकों के सामने आने वाली है। हालाँकि, उनकी बड़ी रिलीज़ के दिन से पहले, एक और बड़ी तारीख जिसका वह फिलहाल इंतज़ार कर रही हैं वह है 15 अगस्त का स्वतंत्रता दिवस। इस दिवा ने इस बड़े दिन के लिए अपनी योजनाएं साझा कीं। वह बताती है,

'खैर, स्वतंत्रता दिवस किसी भी अन्य भारतीय की तरह मेरे लिए विशेष है और उस दिन को लेकर मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। आज हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष के कारण ही हम इस हवा में स्वतंत्र रूप से सांस ले रहे हैं। इसलिए, यह दिन हमेशा से मेरे लिए महत्वपूर्ण रहा है। मैं अपने इस दिन की शुरुआत, राष्ट्रगान सुनकर करने की, योजना बना रहा हूं और उसके बाद, मैं ध्वजारोहण समारोह का हिस्सा बनूंगा। मेरी योजना स्वतंत्रता दिवस पर कुछ विशेष फिल्में देखने और कुछ देशभक्ति गीत सुनने की भी है, ताकि में इस वाइब को और भी अधिक महसूस कर पाऊँ। मैं बहुत उत्साहित हूं क्योंकि यह मेरी रिलीज से कुछ ही दिन पहले है। जय हिंद।'

स्वतंत्रता दिवस के लिए वेरोनिका वैनिज की योजनाओं पर आपकी राय और प्रतिक्रिया क्या है? आप सभी उनकी आने वाली फिल्म के लिए कितने उत्साहित हैं? हमें नीचे टिप्पणी अनुभाग में अपने विचार बताएं और अधिक जानकारी के लिए हमारे साथ बने रहें।

## मुख्यमंत्री गहलोत से ना प्रदेश की जनता संतुष्ट न उनकी पार्टी, सत्ता जाने के डर से कर रहे हैं व्यर्थ की बयानबाजी

# मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भाजपा और आरएसएस का फोबियाः सीपी जोशी

**जयपुर (मृदुल पत्रिका)।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज विभिन्न क्षेत्रों में अपना प्रभाव रखने वाले 23 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा देश में लगातार मोदी को मिटा दो, खत्म कर दो और भारत माता की हत्या करने जैसे अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है जो अशोभनीय और निन्दनीय है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा प्रधानमंत्री की कुर्सी के लिए 1947 में कांग्रेस ने देश को बांटने का काम किया था। आज फिर इंडिया नाम के प्रत्येक अक्षर में डॉट लगाकर बांट रहें है, लेकिन जनता विपक्ष के समूह इंडिया के सारे डॉट निकालकर कांग्रेस पर फुल स्टॉप लगाने के लिए तैयार बैठी है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस की पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में जल जीवन मिशन से लेकर पोषाहार सहित सभी विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है, इस भ्रष्टाचार के चलते मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के शीर्ष नेताओं से कहते है कि मैं पार्टी चला रहा हूं, फंडिंग कर रहा हूं। यही कारण है कि मुख्यमंत्री मीटिंग में सबको बोलने से रोकते है, जलील करते है, लेकिन शीर्ष नेतृत्व उनके सामने लाचार है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद राजस्थान लगातार शर्मसार हो रहा है। मुख्यमंत्री दुष्कर्म की 65 प्रतिशत घटनाओं को फर्जी और इनके मंत्री दुष्कर्म पर राजस्थान को मर्दो का प्रदेश बताते है। इन्हीं के कुनबे के लोग कहते है कि प्रदेश में दलितों पर अत्याचार हो रहा है, भ्रष्टाचार हो रहा है, पेपर लीक हो रहें है, लेकिन सरकार को अपने मंत्रियों और विधायकों पर भरोसा नहीं है, उनके फोन टेप करवाए जाते है, पुलिस



तंत्र का उपयोग उनकी जासूसी के लिए किया जाता है। इन घटनाओं से सरकार अपराधियों के साथ खडी नजर आती है। इससे अपराधियों को बल मिलता है और जनता में भय व्याप्त होता है। सीपी जोशी ने कहा राजस्थान में अनेक पुलिसकर्मी एसे है जो बहुत अच्छा काम करते है, लेकिन राजनैतिक दबाव के चलते उन्हें पीछे धकेल दिया जाता है, उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा जब मैं कोटडी गया तो पीड़िता के परिजनों ने बताया एफ.आई.आर. लिखवाने गए तो पूरा थाना नशे मे था। राजनैतिक दबाव के चलते पुलिस तंत्र को कमजोर करना ठीक नहीं है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिए गये बयान पर पलटवार करते हुए कहा तुष्टिकरण कांग्रेस के डीएनए में समाहित है, जबकि भाजपा का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास, सबका प्रयास है। भाजपा ने इसी मूल मंत्र के साथ प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए कार्य किया है। जिस तरह पिछले 9 वर्षो में बिना भेदभाव के देश में विकास कार्य हुए वे प्रत्यक्ष देखे जा सकते हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आपकी घबराहट का कारण स्पष्ट है ना तो आपसे प्रदेश की जनता संतुष्ट है और न पार्टी के लोग, सत्ता जाना तय है, इसी घबराहट के चलते आपको लग रहा है कि देश में माहौल खराब है। कुछ समय पहले आपने खालिस्तानियों के समर्थन में बयान जारी किया था, आपकी पार्टी के लोग भी देश के टुकडे-टुकडे गैंग का नारा लगाने वाले लोगों के साथ खडे दिखाई देते है, इसलिए आप मणिपुर की चिंता छोड आप प्रदेश की चिंता करें, रोजाना दुष्कर्म के मामले सामने आ रहें है और आपकी सरकार इनको रोकने में विफल हो रही है। सीपी जोशी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कर उनके सम्मान को बढ़ाने का काम किया है, अम्बेडकर का सम्मान बढ़ाया, जबकि कांग्रेस ने हमेशा सिर्फ गांधी परिवार के नेताओं की ही पूजा की है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा मुख्यमंत्री को आरएसएस और भाजपा का फोबिया है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब वे इन्हें नहीं कोसते, मुख्यमंत्री सुबह होते ही इन्हें कोसना शुरू कर देते है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कांग्रेस के पेट में इसलिए दर्द है कि गरीब मां की कोख से पैदा हुआ और एक चाय बनाने वाला प्रधानमंत्री कैसे बन सकता है। सीपी जोशी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में देश लगातार मजबूत हो रहा है जो काम कांग्रेस 60 सालों में नहीं कर सकी वह मोदी जी ने 9 सालों में ही कर दिखाया। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक संगठन बना है, प्रधानमंत्री मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता है। आज देश में गरीबों का उत्थान हो रहा है, मुफ्त आवास, मुफ्त राशन, शौचालय और बिजली मिल रही है, बैंक में खाते खुल रहें है, किसानों को सम्मान निधि मिल रही है, देश में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, कश्मीर से धारा 370 हटाई गई, एयरपोर्ट, हाईवेज, रेलवे से देश की प्रगति हो रही है, भारत के प्रधानमंत्री को दुनिया बडे बडे अवार्डो से नवाजा जा रहा है तो इन्हें तकलीफ हो रही है। भाजपा की नीति और विश्वास के चलते आज हर वर्ग भाजपा के साथ जुड रहा है, कांग्रेस एक डूबता जहाज है और डूबते जहाज में कोई भी सफर नहीं करता।

## घरों में रह रहे किराएदारों का जल्द कराएं पुलिस वेरीफिकेशन - एएसपी देवेंद्र सिंह एडीएफ

# एडिशनल एसपी देवेंद्र सिंह ने ली सीएलजी सदस्यों की बैठक, गश्त व्यवस्था, अतिक्रमण जैसे रखे कई मुद्दे

**धौलपुर (मृदुल पत्रिका)।** जिले के बाड़ी थाने पर शुक्रवार की देर शाम सीएलजी सदस्यों की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें अभी हाल ही में कार्यभार संभालने वाले एडीएफ एडिशनल एसपी देवेंद्र सिंह राजावत, बाड़ी डिप्टी एसपी महेंद्र सिंह और बाड़ी कोतवाल लक्ष्मण सिंह उपस्थित रहे। मीटिंग में सबसे पहले अधिकारियों ने अपना परिचय दिया और साथ ही सभी सीएलजी सदस्यों का परिचय लिया। सीएलजी सदस्यों को संबोधित करते हुए एडिशनल एसपी देवेंद्र सिंह राजावत ने आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक और भाईचारे की मिसाल देते हुए निकालने और मनाने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी तरह असामाजिक व्यक्तियों और उनकी गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जो भी जरूरी कानूनी कार्रवाई होगी उनको अंजाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई तरह के ऑनलाइन फ्रॉड हो रहे हैं उनसे सचेत रहें, जागरूक रहें और इस तरह की कोई भी घटना होती है तो उसकी सूचना तुरंत 1930 पर करें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अपने घरों



में किराएदार रखे हुए हैं वे लोग किराएदारों का जल्दी पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराएँ अन्यथा कोई घटना वारदात होती है। किसी वारदात में किराएदार शामिल होता है तो वेरिफिकेशन ना होने की स्थिति में मकान मालिक पर कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा। बैठक में मोहर सिंह मीणा और जवान सिंह मीणा ने नई कॉलोनी में गश्त व्यवस्था को और बढ़ाने की मांग की। एडवोकेट रियाजुद्दीन खान एवं एडवोकेट जितेंद्र सिंह चौहान ने कोर्ट मुंशी और कोर्ट परिसर में लगने वाले गार्ड को वर्दी पहनने के लिए पाबंद करने की मांग की। मुस्लिम समाज के हाजी हाशिम खान और अब्दुल हमीद खान द्वारा बाजार में बेतरकीब खड़े वाहनों पर कार्यवाही की बात कही, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। आम आदमी पार्टी के महेंद्र सिंह परमार द्वारा मदरसा इस्लामिया चौराहे ठेल ढकेल वालों द्वारा अतिक्रमण कर लिया जाता है, उस चौराहे को अतिक्रमण मुक्त करने की बात कही। बाड़ी नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन इरफान अहमद ने शहर में बेलगाम स्पीड बाईकर्स पर कार्रवाई की बात कही। पार्षद प्रतिनिधि नासिर खान ने असामाजिक तत्वों और भू माफिया द्वारा अवैध तरीके से खेतों की जुताई की जा रही है की जानकारी दी। इसके अलावा ट्यूशन केंद्रों पर निगरानी रखना सहित काफी मुद्दों को लेकर जानकारी दी गई। जिस पर सीएलजी सदस्यों को एएसपी राजावत ने आश्वासन दिया है कि जल्दी सभी समस्याओं का स्थाई समाधान किया जाएगा। मीटिंग में नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि होतम सिंह जाटव, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष डॉ जितेंद्र शर्मा, सैफ सईद खाँ, बनवारी शिवहरे, जगन्नाथ कोली, दिलीप खान, लखन यादव आदि मौजूद रहे।

## जनसंख्या अनुसंधान केंद्र की टीम ने यूपीएचसी सागरपाड़ा का किया निरीक्षण




**धौलपुर (मृदुल पत्रिका)।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन उदयपुर की जनसंख्या अनुसंधान केंद्र की टीम ने शुक्रवार को यूपीएचसी सागरपाड़ा का निरीक्षण किया।

इसमें टीम लीडर डॉ. धीरज मेघवाल एवं टीम सदस्य डॉ. सुरेश कुमार भावरिया ने यूपीएचसी सागरपाड़ा के विभिन्न विभागों जैसे ओपीडी, दवा वितरण केन्द्र, जांच लैब, टीकाकरण काउंटर आदि का निरीक्षण किया। चिकित्सा कर्मियों को व्यवस्थित कार्य के लिए प्रोत्साहित भी किया।

इसके साथ ही उन्होंने व्यवस्थाओं, साफ सफाई एवं कार्यशैली की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. यथार्थ गुप्ता सहित संस्थान के कार्मिक उपस्थित रहे।

## धोबी रजक महाकुंभ को लेकर समाज बंधु घर घर जाकर बांट रहे पीले चावल, अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का किया आह्वान

**शाहपुरा (मृदुल पत्रिका)।** शाहपुरा नगरपालिका के धोबी समाज के कार्यकर्ता 16 अगस्त को विद्याधर नगर जयपुर में आयोजित होने वाले रजक धोबी महा अधिवेशन को लेकर शनिवार को धोबी समाज के प्रदेश सचिव राजेश मंडोवरा के सानिध्य में घर-घर जाकर महा अधिवेशन में पहुंचने के लिए पीले चावल देकर संकल्प ले रहे हैं इस दौरान धोबी समाज के प्रदेश सचिव राजेश मंडोवरा, प्रधानाचार्य मिथिलेश मंडोवरा, समाजसेवी रमेश हल्दुनिया, पूर्व छात्र संघ महासचिव विमल मंडोवरा,पूर्व पार्षद शारदा राजेश मंडोवरा, गंगा देवी, कमलेश मंडोवरा ने घर घर जाकर पीले चावल देकर धोबी समाज के महाधिवेशन को सफल बनाने का आह्वान किया पूर्व पार्षद शारदा राजेश मंडोवरा, गंगा देवी मंडोवरा,



समाजसेविका कमलेश मंडोवरा, कुमारी मेघा मंडोवरा ने महिलाओं को घर घर जाकर पंपलेट व पीले चावल बांटकर अधिक से अधिक संख्या में धोबी समाज की महिलाओं को पहुंचने का आह्वान किया।

इस दौरान गोलू मंडोवरा, अरुण मंडोवरा, कुमारी सोना सहित समाज बंधुओ अपनी-अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं और अधिक से अधिक संख्या में धोबी रजक महाधिवेशन को सफल बनाने के लिए महिला टीम सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रही है इस दौरान 16 अगस्त बुधवार अमावस्या को सुबह 8:30 बजे से शाहपुरा नगर पालिका से समाज बंधु महा अधिवेशन के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जोश, उमंग एवं देशभक्ति नारों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा, एबीवीपी ने बाड़ी में किया आयोजन

**धौलपुर (मृदुल पत्रिका)।** जिले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बाड़ी द्वारा शनिवार को सुबह 10 बजे से बाड़ी शहर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। देश की आजादी के 77वीं वर्षगांठ पर आयोजित हुए इस कार्यक्रम में 151 फीट के तिरंगे के साथ जब यात्रा निकली तो हर कोई देशभक्ति के जज्बे में रंगा दिखाई दिया। यह तिरंगा यात्रा शहर के अंबेडकर पार्क से शुरू हुई जो भारद्वाज मार्केट, बसेड़ी बस स्टैंड चौराहा, अग्रवाल धर्मशाला, सीताराम बाजार, मदरसा इस्लामिया स्कूल चौराहे से होते हुए लुहार बाजार, सदर बाजार से पुराना बाजार, बटवाल पाड़ा होते हुए वापस अंबेडकर पार्क पर जाकर संपन्न हुई। विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक दिनेश गुर्जर, जिला छात्रा प्रमुख काजल परमार ने बताया कि



तिरंगा यात्रा का यह आयोजन देश भक्ति को लेकर लोगों में स्वतंत्रता दिवस पर घर-घर तिरंगा लगाने और ध्वजारोहण करने के लिए प्रेरित करने के लिए किया गया है। विद्यार्थी परिषद का यह आयोजन हर वर्ष होता है। इस बार 151 फीट का तिरंगा जब शहर में से गुजरा तो हर कोई अपने आप को यात्रा में शामिल करने के लिए आतुर दिखाई दिया। इस यात्रा में स्कूली बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। यात्रा में बाड़ी डिप्टी एसपी महेंद्र सिंह, बाड़ी कोतवाल लक्ष्मण सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस जाप्ता भी मौजूद रहा।

## कोटा-बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण का लोकार्पण किया, 2475 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से देश का विकास

# प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के सागर में राष्ट्र विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उन्हें समर्पित किया




**सागर (मृदुल पत्रिका)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्य प्रदेश के सागर में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया और राष्ट्र को समर्पित किया। परियोजनाओं में 100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास जी स्मारक की आधारशिला रखना, 1580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित होने वाली दो सड़क परियोजनाएं और राष्ट्र को



समर्पित करना शामिल है। 2475 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से देश के लिए कोटा-बीना रेल मार्ग विकसित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास जी स्मारक में भव्यता के साथ-साथ दिव्यता भी होगी जो संत रविदास जी की शिक्षाओं से प्रवाहित होगी। उन्होंने बताया कि यह स्मारक 'समरसता' की भावना से ओतप्रोत है क्योंकि इसमें 20000 से अधिक गांवों और 300 नदियों की मिट्टी का उपयोग किया गया है। मध्य प्रदेश के परिवारों ने समरसत भोज के लिए अनाज भेजा है और पांच यात्राएँ भी आज सागर में संपन्न हुई। प्रधान मंत्री ने कहा, ये यात्राएं सामाजिक सद्भाव के एक नए युग का प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब प्रेरणा और प्रगति (प्रेरणा और प्रगति) एक साथ आती है तो एक नए युग का सूत्रपात होता है।

उन्होंने परियोजनाओं यानी दो सड़क परियोजनाओं और कोटा-बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण का उल्लेख किया और कहा कि ये विकास परियोजनाएं सागर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेंगी। मध्य प्रदेश के राज्यपाल, मंगूभाई पटेल, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय राज्य मंत्री, प्रहलाद सिंह पटेल, संसद सदस्य, वीडी शर्मा और मंत्री इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे।

पृष्ठभूमि प्रमुख संतों एवं समाज सुधारकों का सम्मान करना प्रधानमंत्री के कार्यों की विशेष पहचान रही है। उनके दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास जी स्मारक का निर्माण 11.25 एकड़ से अधिक क्षेत्र में और 100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया जाएगा। भव्य स्मारक में संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास जी के जीवन, दर्शन और शिक्षाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रभावशाली कला संग्रहालय और गैलरी होगी। इसमें स्मारक पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भक्त निवास, भोजनालय आदि सुविधाएं भी होंगी।

प्रधानमंत्री ने कोटा-बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण के पूरा होने के प्रतीक वाली परियोजना को राष्ट्र को समर्पित किया। 2475 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित लागत से बनी यह परियोजना राजस्थान के कोटा और बारां जिलों और मध्य प्रदेश के गुना, अशोकनगर और सागर जिले से होकर गुजरती है। अतिरिक्त रेल लाइन बेहतर गतिशीलता की क्षमता बढ़ाएगी और मार्ग पर ट्रेन की गति में सुधार करने में मदद करेगी।

## तिरंगा बिक्री के लिए रविवार को भी खुलेंगे डाकघर



**धौलपुर (मृदुल पत्रिका)।** हर घर तिरंगा अभियान को लेकर देशभर के सभी डाकघर रविवार को विशेष रूप से खुले रहेंगे। रविवार को भी धौलपुर मंडल के सभी डाकघरों के माध्यम से काउंटर से तिरंगे की खरीददारी कर सकते हैं।इसके लिए अधिसूचना जारी हो गई है। डाक अधीक्षक रामबीर शर्मा ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के लिए रविवार को भी पूरे मंडल के डाकघर खुले रहेंगे। 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस आने में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की भांति ही इस साल भी केंद्र सरकार हर घर तिरंगा अभियान को चला रही है। देश के कोने-कोने तक राष्ट्रीय ध्वज पहुंच सकें, इसका एकमात्र साधन डाकघर ही है। जो देश के गांव गांव तक अपनी पहुंच रखता है। इस मुहिम के तहत रविवार को 13 अगस्त को छुट्टी वाले दिन भी धौलपुर मंडल के सभी डाकघर स्पेशल तौर पर खोले जाएंगे ताकि लोग इस दिन राष्ट्रीय ध्वज खरीद सकें।

## इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना का राजाखेड़ा में हुआ शुभारंभ विधायक रोहित बोहरा ने महिला को फोन देकर की शुरुआत



**धौलपुर (मृदुल पत्रिका)।** बजट घोषणा के अनुसार प्रदेश भर में चलाए जा रहे इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन वितरण योजना के तहत शनिवार को धौलपुर जिले के राजाखेड़ा कस्बे में भी केम्प लगाकर योजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत समिति परिसर में की गई। स्मार्टफोन योजना का शुभारंभ राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक बोहरा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी राजस्थान सरकार ने आम जनता से जो वादे किए थे, उनको पूर्ण करने का कार्य लगातार जारी है। इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना से प्रदेशभर में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। जिससे यह तकनीकी का एक नया माध्यम हमारे प्रदेश की महिलाओं के लिए साबित होगा। साथ ही स्मार्टफोन योजना से विद्यालय में अध्ययन कर रहीं बालिकाओं को भी लाभ मिलेगा, जिससे उनका अध्ययन सुगम हो सकेगा। इस दौरान कार्यक्रम में एसडीएम देवीसिंह, नगरपालिका चेयरमैन वीरेन्द्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार तोमर, विकास अधिकारी राकेश सिंघल, नगरपालिका ईओ रतन सिंह एवं प्रमोद शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री व क्षेत्रीय सांसद तोमर के प्रयासों से श्योपुर में एलएलबी की कक्षाएं प्रारंभ करने की मिली अनुमति

**श्योपुर/नई दिल्ली, मृदुल पत्रिका भुवन जोशी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री व क्षेत्रीय सांसद नरेंद्र सिंह तोमर के प्रयत्नों से श्योपुर में एलएलबी की कक्षाएं प्रारंभ करने की अनुमति मिल गई है। तोमर के दृढ संकल्प, युवाओं के प्रति संवेदनशीलता एवं गंभीर प्रयासों की वजह से श्योपुर के विद्यार्थियों का कानून की पढ़ाई करने का सपना पूरा हो गया है। क्षेत्रवासियों ने इसके लिए तोमर के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया है। मुख्यमंत्री द्वारा विद्यार्थियों की मांग पर वर्ष 2008 में श्योपुर में विधि महाविद्यालय खोलने की घोषणा की गई थी। घोषणा के तुरन्त पश्चात 2008 में ही शासकीय महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए 50 लाख रूपये की स्वीकृति म.प्र. के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान की गई थी। महाविद्याालय प्रशासन द्वारा तत्काल जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से एलएलबी पाठ्यक्रम हेतु सम्बद्धता प्राप्त करने की कार्यवाही की गई एवं वि.वि. द्वारा 3 अक्टूबर 2009 को सम्बद्धता प्रदाय की गई। उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा 02-06-2012 को विधि महाविद्यालय हेतु प्राचार्य सहित कुल 16 पदों की स्वीकृति प्रदान की गई थी। विधि महाविद्यालय श्योपुर में विधि कक्षाएं प्रारम्भ करने के लिए बार काउंसिल ऑफ इडिया को आवेदन किया गया, जिसके बाद कार्यवाही लंबित रहने पर केंद्रीय मंत्री तोमर ने दिल्ली-भोपाल में इस संबंध में पहल की। साथ ही, तोमर ने उच्च शिक्षा विभाग एवं प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय श्योपुर को तत्काल कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा तुरंत 4 विधि विषय के सहायक प्राध्यापकों को शासकीय विधि महाविद्यालय, श्योपुर में पदस्थ करते हुए बार काउंसिल ऑफ इंडिया का शुल्क जमा करने के लिए 5 लाख रूपये की राशि बजट के रूप में आवंटित की गई। साथ ही, बार कांउसिल ऑफ इडिया से अनुमति प्राप्त करने हेतु 27 जुलाई 2023 को नए सिरे से शासकीय विधि महाविद्यालय, श्योपुर में विधि कक्षाएं प्रारम्भ करने की अनुमति देने हेतु आवेदन किया गया और 3 लाख 50 हजार रूपये शुल्क के रूप में जमा किए गए। इन सब प्रयत्नों के परिणामस्वरूप 2 अगस्त 2023 को बार काउंसिल ऑफ इडिया की निरीक्षण टीम द्वारा विधि महाविद्यालय का ऑनलाइन निरीक्षण किया गया और अब बीसीआई द्वारा शासकीय विधि महाविद्यालय, श्योपुर में विधि कक्षाएं प्रारम्भ करने की अनुमति का पत्र भी प्राप्त हो गया है। इससे क्षेत्रवासियों में हर्ष है।

## भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए मांगे आवेदन, पंजीकरण 17 अगस्त तक

**धौलपुर (मृदुल पत्रिका)।** भारतीय वायुसेना में अग्निपथ स्कीम के अंतर्गत अग्नि वायु भर्ती 01/2024 के लिए ऑनलाईन पंजीकरण 17 अगस्त तक जारी हैं। इच्छुक अविवाहित पुरूष एवं महिला अम्मीदवार भर्ती से संबंधित सभी नियमों की जानकारी भारतीय वायुसेना की अधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। उम्मीदवार अग्नीवीर की भर्ती के लिए 17 अगस्त तक सम्बंधित वेबसाइट पर लॉगइन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवार अग्निवीर का जन्म 27 जून 2003 से 27 दिसम्बर 2006 तक के बीच हुआ हो। अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। इसके साथ ही 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ कला तथा वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है या 03 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या 02 वर्षीय वोकेशनल कोर्स उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र हैं।

## पुलिस ने अवैध शराब में 5 लोगों को किया गिरफ्तार

**धौलपुर (मृदुल पत्रिका)।** जिले की राजाखेड़ा थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 4 अलग अलग स्थानों ने अवैध शराब के मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। राजाखेड़ा थाना प्रभारी रामखिलाड़ी मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम का गठन कर अलग अलग स्थानों से अवैध शराब के मामले में खूबीराम पुत्र जखराम कोली निवासी मनिहार गली राजाखेड़ा, गुड्डू पुत्र विशम्भर जाटव निवासी मिठावली, लायक सिंह पुत्र अमरसिंह ठाकुर निवासी दिघी, सरनाम सिंह पुत्र नत्थीलाल ठाकुर निवासी राजाखेड़ा और रामदत्त उर्फ सोनू पुत्र तेजपाल बसई घियाराम को गिरफ्तार किया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक संपादक रजनीश शर्मा के लिए भरत प्रिन्टर्स एण्ड सैल्स कॉरपोरेशन, 5ए, इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी, रामनगर सोडाला जयपुर 302019, से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकीय कार्यालयः 5ए, इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी, रामनगर सोडाला जयपुर 302019
फोन एवं फैक्स 0141 2214444 मों। 9828888853 ईमेल- danikmridulpatrika@gmail.com *
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार